

03
किरार समाज मेरे लिए बचपन का झूलाः शिवराज

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

04
डिजिटल लेनदेन में धोखाधड़ी रोकने की मशक्कत



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, सोमवार, 16 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 58, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

अमिताभ बच्चन के घर पर फायरिंग की साजिश का पर्दाफाशः दिल्ली पुलिस ने शार्पशूटर्स को दबोचा, विदेश में गैंगस्टर के इशारे पर रची थी योजना

मृदुभाषी। मुंबई

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई स्थित आवास पर फायरिंग करने और एक कारोबारी से रंगदारी वसूलने की साजिश का दिल्ली पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो कुख्यात शार्पशूटर्स विकास ठाकुर और दीपक सिंह को गिरफ्तार किया है। इनमें विकास ठाकुर जालंधर के न्यू गांधी नगर का रहने वाला है, जबकि दीपक सिंह तरनतारन का निवासी है। दोनों आरोपी विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के लिए काम करते थे और उन्होंने मुंबई से लेकर दिल्ली तक वारदातों को अंजाम देने का पूरा जाल बुना था।

विदेश में बैठा गैंगस्टर 1984 के सिख विरोधी दंगों पर अमिताभ बच्चन के एक पुराने कथित बयान को लेकर उन्हें निशाना बनाना चाहता था। हालांकि, अभिनेता अमिताभ बच्चन पहले ही इस तरह का कोई भी बयान देने से साफ इनकार कर चुके हैं। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि दीपक सिंह अमृतसर में 3 अक्टूबर को हुई इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर मैड संधू की हत्या के मामले में भी वांटेड था, जिसमें उसके साथी पलविंदर सिंह उर्फ काका को पंजाब पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। दीपक को मुंबई में रुककर महानायक के घर के बाहर फायरिंग करने का टास्क दिया गया था। गौरतलब है कि कुछ सिख संगठनों और दंगों की गवाह जगदीश कौर द्वारा यह आरोप लगाए गए थे कि 31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद अमिताभ बच्चन ने भीड़ को उकसाया था। अक्टूबर 2014 में 'सिख्स फॉर जस्टिस' संगठन ने अमेरिकी कोर्ट में एक मुकदमा भी दायर किया था, जिसका बच्चन ने कड़ा खंडन किया था। भारत की किसी भी आधिकारिक जांच एजेंसी ने इन आरोपों में कभी कोई संलिप्तता नहीं पाई। इसके अलावा, हाल ही में 6 नवंबर को उनके प्रसिद्ध बंगले 'जलसा' को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भी मिल चुका है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।



दिल्ली के कारोबारी पर फायरिंग और रंगदारी की थी योजना

दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर नारा चैतन्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विकास ठाकुर को मुंबई से विशेष रूप से दिल्ली भेजा गया था। यहां उसका मकसद एक स्थानीय कारोबारी से रंगदारी वसूलने के लिए उसके ऊपर फायरिंग करना था। इस सनसनीखेज वारदात में दीपक सिंह को भी शामिल होना था, लेकिन पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए वारदात को अंजाम दिए जाने से पहले ही विकास को धर दबोचा। इसके बाद की गई कार्रवाई के आधार पर पुलिस ने मुंबई से दीपक सिंह को भी दबोच लिया।

2035 तक का मेगा क्रिकेट कैलेंडर

भारत करेगा 2029 चैंपियंस ट्रॉफी और 2031 वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी



मृदुभाषी। नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने वर्ष 2035 तक के पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंटों का विस्तृत कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भारत आगामी पांच वर्षों में दो बड़े आईसीसी टूर्नामेंटों की संयुक्त और एकल मेजबानी करेगा। इसके तहत भारत साल 2029 की चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन करेगा, जबकि 2031 का प्रतिष्ठित वनडे वर्ल्ड कप भारत और बांग्लादेश की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। आईसीसी के इस ऐलान से देश के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है।

लगभग 128 साल के लंबे अंतराल के बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होने जा रही है। इससे पहले वर्ष 1900 के पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था, जिसमें केवल ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच मुकाबला हुआ था। अब लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और दोनों वर्गों में टी-20 फॉर्मेट के मुकाबले खेले जाएंगे। ओलंपिक के इन ऐतिहासिक मुकाबलों के लिए क्वालिफाइंग मैचों की तारीखों और मेजबान देशों का ऐलान कर दिया गया है। पुरुषों का क्वालिाइंग टूर्नामेंट 5 से 13 फरवरी 2028 तक बांग्लादेश में होगा, जबकि महिलाओं का टूर्नामेंट 26 फरवरी से 5 मार्च तक अमेरिका में खेला जाएगा। इन मुकाबलों के जरिए ओलंपिक में जगह बनाने वाली अंतिम टीमों का फैसला होगा। ओलंपिक के दोनों टूर्नामेंट्स में 8-8 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार-चार के दो समूहों में बांटा जाएगा। ग्रुप स्टेज के कुल 12 मुकाबलों के बाद दोनों ग्रुप की शीर्ष टीमें फाइनल में प्रवेश करेंगी।

इंग्लैंड में होंगे WTC 2029 और 2031

आईसीसी ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के अगले चक्रों को लेकर भी स्थिति साफ कर दी है। WTC 2029 और 2031 के फाइनल मुकाबलों की मेजबानी एक बार फिर इंग्लैंड को सौंपी गई है। वर्ष 2029 का खिताबी मुकाबला 8 से 12 जून के बीच खेला जाएगा, जबकि 2031 का फाइनल मैच 12 से 16 जून तक आयोजित होगा। इसके अलावा, साल 2033 और 2035 के WTC फाइनल्स की तारीखें भी तय कर दी गई हैं, हालांकि इनके मेजबान देशों की घोषणा अभी बाकी है।

अमित शाह की राहुल गांधी को दो-टूक

अंतरराष्ट्रीय मंचों से भारत को बदनाम करके कभी हासिल नहीं होगी सत्ता

मृदुभाषी। पुणे

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए तीखा हमला बोला है। पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अमित शाह ने दो-टोक शब्दों में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंचों से देश को बदनाम करके कभी भी सत्ता हासिल नहीं की जा सकती है। यदि राहुल गांधी चुनाव जीतना चाहते हैं तो उन्हें विदेश यात्राएं करने के बजाय देश के गांव-गांव जाकर जमीनी हकीकत देखनी चाहिए। शाह ने स्पष्ट किया कि पूरा देश यही चाहता है कि वे जमीन पर आएं और जनता के बीच जाएं, लेकिन वे कुछ ही दिनों में फिर से विदेश चले जाते हैं, और इस तरह की आकांक्षाओं से कभी सत्ता नहीं मिल सकती।

हाल ही में हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस की 'भारत समिट 2026' का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि इस सम्मेलन में देश-भर से वामपंथी विचारधारा के प्रचारकों को बुलाया गया था और कांग्रेस के 'राजकुमार' ने भी इसमें हिस्सा



लिया था। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि इस समिट का नाम 'भारत' जरूर रखा गया था, लेकिन राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत विरोधी विचार रखकर पूरी दुनिया में देश की छवि को धूमिल करने का काम किया है। महाराष्ट्र की जनता और देशवासियों को संबोधित करते हुए शाह ने आगे कहा कि जनता को कांग्रेस से यह सवाल पूछना चाहिए कि चुनाव में हार-जीत नेताओं के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। देश की जनता ने कांग्रेस को 10 साल का मौका दिया था, जिसके दौरान 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले और भ्रष्टाचार हुए, और आखिरकार जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

डही में 1570 करोड़ के 115 विकास कार्यों की सौगात, 126 गांवों को मिलेगा नर्मदा जल

50 करोड़ लोग गरीबी से बाहर नक्सलवाद से भी मिली मुक्ति

मृदुभाषी। धार/नई दिल्ली

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास, गरीबी उन्मूलन और नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कई बड़े दावे किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार के प्रयासों से देश के 50 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। वहीं, 31 मार्च 2026 तक देश माओवादी गतिविधियों से पूरी तरह मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि ये दोनों उपलब्धियां विकसित भारत के निर्माण की दिशा में देश को नई ऊर्जा देने वाली हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रमों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर 2021 से शुरू हुआ यह आयोजन अब राष्ट्रीय उत्सव का रूप ले चुका है। पिछले वर्ष देशभर में दो लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, जिनमें करोड़ों लोगों ने भाग लिया। इस बार भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती दोगुने उत्साह के साथ मनाई जा रही है।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के डही में भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित "डही माइक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना" के लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यो के भूमि- पूजन/लोकार्पण कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

डही में 1570 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मध्यप्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर धार जिले के डही में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1570 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 115 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 1402 करोड़ रुपये के आठ कार्यों का लोकार्पण और 168.56 करोड़ रुपये के 107 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण 1353.18 करोड़ रुपये की डही माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजना का लोकार्पण रहा। इस परियोजना से धार और आलीराजपुर जिले के 126 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए नर्मदा जल उपलब्ध कराया जाएगा। इससे करीब एक लाख किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार जनजातीय समाज के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश के 2671 छात्रावासों के माध्यम से प्रतिवर्ष करीब 1.40 लाख विद्यार्थियों को आवासीय शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनजातीय युवाओं को छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और स्वरोजगार से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

बच्चों और बेटियों को भी निशाना बनाते थे नक्सली

मोदी ने कहा कि नक्सली छोटे बच्चों को अपने साथ ले जाते थे और बेटियों को उठा ले जाते थे। जनजातीय परिवार भय के माहौल में जीवन बिताने को मजबूर थे। अब नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई से आदिवासी माताओं और बहनों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है। युवाओं को पढ़ाई और रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं।

बस्तर में जवानों के साथ मनाई दीपावली

डर के माहौल से उम्मीद की रोशनी तकः प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बस्तर का उदाहरण देते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब लोग वहां जाने से डरते थे। लेकिन उन्होंने हाल ही में इसी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ दीपावली मनाई। इस बार दीपावली पर दीयों के साथ उम्मीद की रोशनी भी जनजातीय परिवारों के घरों तक पहुंची है।

फाजिल्का-फिरोजपुर हाईवे पर हादसाः पांच की मौत

गुना/फाजिल्का। पंजाब के फाजिल्का-फिरोजपुर हाईवे पर रविवार रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। गांव बहक खास के निकट शादी समारोह से लौट रही एक क्रूजर गाड़ी की पिकअप वाहन से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में तीन बच्चों सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि नौ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। मृतकों के रिश्तेदार संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका पूरा परिवार जलालाबाद के गांव टिवाना का रहने वाला है। परिवार के करीब 13 सदस्य क्रूजर गाड़ी में सवार होकर फाजिल्का के गांव करनीखेड़ा में अपने चाचा के बेटे की शादी में शामिल होने गए थे। रविवार देर रात जब पूरा परिवार शादी समारोह की खुशियां मनाकर वापस अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गांव बहक खास के पास उनकी गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि क्रूजर गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

इंडिगो की फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते पुणे लौटी

नई दिल्ली। पुणे से गुवाहाटी जा रही इंडिगो की फ्लाइट रविवार सुबह उड़ान भरने के कुछ देर बाद वापस पुणे लौट आई। विमान का लैंडिंग गियर ऊपर नहीं जा सका था और बाहर ही रह गया। पायलट ने इसकी जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को दी। इसके बाद पुणे एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित कर दी गई। विमान में यात्रियों और क्रू मेंबर्स समेत 192 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने की खबर नहीं है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और अन्य बचाव दलों को अलर्ट पर रखा गया। लैंडिंग से पहले विमान को रनवे के ऊपर से कम ऊंचाई पर उड़ाया गया।

देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा लोक आस्था का महापर्व छठ

मृदुभाषी। नई दिल्ली

लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन रविवार को देशभर में श्रद्धा और उत्साह का अनूठा माहौल देखने को मिला। नदी, तालाबों और विभिन्न घाटों पर पहुंचे व्रतियों ने कमर तक पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को विधि-विधान से पहला अर्घ्य अर्पित किया। अब सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिए जाने के साथ ही इस चार दिवसीय महापर्व का समापन होगा। इस पावन अवसर पर घाटों पर लोकगीतों की गूंज और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई।

छठ महापर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में



गोमती नदी के तट पर पहुंचकर छठ पूजा की और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोनिया विहार क्लब में सूर्य देव को अर्घ्य दिया। उनके साथ दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा और सांसद मनोज तिवारी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। राजधानी दिल्ली में छठ पूजा के लिए लगभग 1400 घाटों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। अत्यधिक भीड़भाड़ और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली में रविवार दोपहर 2 बजे से 16 नवंबर की सुबह 8 बजे तक यमुना घाटों से सटे प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस महापर्व पर देश-विदेश से अपने घर लौटने वाले प्रवासियों की संख्या 50 लाख से अधिक रही है, जिससे ट्रेनों और बसों में भारी भीड़ देखने को मिली।


बिना नाम लिए दिग्विजय सिंह पर भी साधा निशाना

गुना विधायक अपनी ही पार्टी के ठाकुर जिलाध्यक्ष से बोले-आप भी तो आदिवासी

मृदुभाषी। गुना

गुना के जिला पंचायत भवन में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने संबोधन के दौरान समाज के विभाजन और राजनीति को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने मंच पर मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की ओर इशारा करते हुए उन्हें भी आदिवासी बता दिया। जबकि धर्मेन्द्र सिकरवार ठाकुर हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि प्राचीन समय में न तो कोई जाति थी और न ही कोई आदिवासी शब्द था। उन्होंने आरोप लगाया कि देश को टुकड़ों में बांटे रखने और अपना राजनीतिक राज्य कायम रखने की नीति आज भी चल



रही है। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि देश में कोई आदिवासी नहीं है, बल्कि सभी लोग अपने निवास स्थान के आधार पर पहचाने जाते थे। जो लोग पहाड़ों पर रहते थे वे गिरिवासी कहलाए, जो जंगलों में रहते थे वे वनवासी, जो गांवों में रहते थे वे ग्रामवासी और जो नगरों में रहते थे वे नगरवासी कहलाए। इसी क्रम में उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की ओर इशारा करते हुए कहा कि यहां बैठे धर्मेन्द्र सिंह भी आदिवासी ही हैं। अपने संबोधन के दौरान विधायक पन्नालाल शाक्य ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का नाम लिए बिना उन पर राजनीतिक तंज कसा। उन्होंने कहा कि एक नेता ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर का नाम तो ले लिया, लेकिन अपने कार्यकाल में कभी किसी आदिवासी को मुख्यमंत्री नहीं बनाया, क्योंकि उनकी सोच यही रही कि मुख्यमंत्री बनेगा तो मेरा बेटा या भाई ही बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि अब चलते-चलते ही सही, कम से कम किसी आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा कर दी जाए।

दिया समरसता का संदेश

सामाजिक एकता और समरसता पर जोर देते हुए पन्नालाल शाक्य ने रामायण काल की माता शबरी का प्रसंग भी सुनाया। उन्होंने कहा कि जो वास्तव में समाज के सच्चे हितैषी थे, वे भीलनी (माता शबरी) के दरवाजे पर रुके थे और यही कारण है कि आज भी लोग उनका नाम अत्यंत सम्मान के साथ लेते हैं। विधायक ने कहा कि यदि आज के हमारे समाज में भी ऐसी ही समरसता और भेदभाव रहित व्यवस्था स्थापित हो जाए, तो इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य पूरी तरह सार्थक होगा।

'किरार कुंभ' में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

किरार समाज मेरे 'बचपन का झूला और बुढ़ापे की काशी' है: चौहान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को इंदौर पहुंचे, जहां वे बापट चौराहे पर आयोजित अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा की जिला इकाई के भव्य सम्मेलन 'किरार कुंभ' में शामिल हुए। इससे पहले इंदौर एयरपोर्ट पहुंचने पर बीजेपी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मधु वर्मा और विधायक रमेश मेंदोला सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर समाजजनों ने पुष्पमाला पहनाकर और गदा भेंट कर उनका जोरदार अभिनंदन किया। इसके पश्चात शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस जिला स्तरीय सम्मेलन में समाज के मेधावी विद्यार्थियों और विशिष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित भी किया गया।

माता-पिता के आशीर्वाद से आगे बढ़ने की प्रेरणा

मंच से समाजजनों को अपने चिर-परिचित अंदाज में संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने समाज के प्रति अपने गहरे लगाव को व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि मंडीदीप में छठ मैया का आयोजन है और सड़क मार्ग से आने पर शाम के कार्यक्रम में पहुंचना संभव नहीं था, इसलिए वे विशेष रूप से हवाई जहाज का इंतजाम कर अपनों के बीच पहुंचे हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें यह कहते हुए गर्व होता है कि किरार समाज उनके बचपन का झूला, जवानी की फुलवारी और बुढ़ापे की काशी है। इसी समाज के संस्कारों और माता-पिता के आशीर्वाद से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

बचपन से कुछ बड़ा करने की तड़प

अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि एक छोटे से किसान परिवार में जन्म लेने के बावजूद उनके मन में बचपन से कुछ बड़ा करने की तड़प थी। दादाजी के स्वर्गवास के बाद बची हुई गीता की प्रतियों को बचपन में बार-बार पढ़ने से उन्हें जीवन का असली सार समझ आया कि केवल अपने लिए जीना जीवन नहीं है। उन्होंने समाजजनों को 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो' का मंत्र देते हुए कहा कि जो व्यक्ति समाज, देश और जनता के लिए जीता है, उसी का जीवन सार्थक है और सभी के इसी स्नेह ने उन्हें 'मामा' बनाया है।

टंट्या मामा चौराहे पर धूमधाम से मनाया जनजातीय गौरव दिवस

जुटे आदिवासी समाजजन, भगवान बिरसा मुंडा को किया याद



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। रविवार को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया। शहर के टंट्या मामा चौराहे पर भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा और जननायक टंट्या भील को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सुबह से ही चौराहे पर लोगों का जुटना शुरू हो गया था, जो दोपहर तक जारी रहा। इस दौरान लोगों ने चौराहे पर लगी टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पारंपरिक नृत्य के जरिए अपनी संस्कृति का उल्लास के साथ प्रदर्शन किया। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के संस्थापक सदस्य जितेंद्र एसके ने बताया कि सर्व आदिवासी समाज के सभी सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोग एक जाजम पर एकत्रित होकर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मना रहे हैं। पिछले 20 वर्षों से यह आयोजन लगातार किया जा रहा है। पहले आदिवासी जननायकों के योगदान के बारे में लोग कम जानते थे, लेकिन अब इनके इतिहास को व्यापक पहचान मिल रही है। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

एक महीने से चल रही थीं कार्यक्रम की तैयारियां

जनजातीय कार्य विभाग के विक्रम सिंह मसकोला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत किए जाने से समाज को अपने महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने का बड़ा अवसर मिला है। इस आयोजन के लिए पिछले एक महीने से तैयारियां चल रही थीं, जिसके तहत बस्तियों में बैठकें कर रैलियों के रूप में लोग कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।इसके अलावा, शहर में 'विश्व प्रीमैच्योरिटी डे' पर 5 किमी लंबी जागरूकता वॉक का भी आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और उनके बेहतर भविष्य का संदेश देना था।

जिला एवं कुटुंब न्यायालयों में न्यायिक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बदले नियम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जिला एवं सत्र न्यायालय तथा कुटुंब न्यायालयों में न्यायिक दस्तावेज प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष यादव ने बताया कि अब अधिवक्ताओं को न्यायालयों में आवेदन, परिवाद-पत्र, याचिकाएं, शपथ-पत्र और अन्य दस्तावेज जमा करते समय निर्धारित तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन करना होगा।

नए नियमों के अनुसार, न्यायालयीन दस्तावेजों की टाइपिंग के लिए न्यूनतम 75 जीएसएम गुणवत्ता वाले ए-4 आकार के कागज (29.7 .21 सेंटीमीटर) का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इसके साथ ही दस्तावेजों की प्रिंटिंग दोनों तरफ (डबल साइडेड) करने का प्रावधान रखा गया है, ताकि कागज की बचत के साथ एकरूपता बनी रहे।



फॉन्ट और स्पेसिंग को लेकर भी स्पष्ट मानक

दस्तावेजों में फॉन्ट और स्पेसिंग को लेकर भी स्पष्ट मानक तय किए गए हैं। अब दस्तावेजों में केवल 'टाइम्स न्यू रोमन' फॉन्ट का ही उपयोग करना होगा। सामान्य टेक्स्ट का फॉन्ट साइज 14 और पंक्तियों के बीच 1.5 की लाइन स्पेसिंग रखनी होगी, ताकि न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं को दस्तावेज पढ़ने में आसानी हो। इसके अलावा उद्धरण और इंडेंट वाले अंशों के लिए फॉन्ट साइज 12 तथा सिंगल लाइन स्पेसिंग निर्धारित की गई है।मार्जिन के संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि दस्तावेज के बाईं और दाईं दोनों तरफ 4-4 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ा जाएगा, जबकि ऊपर और नीचे का मार्जिन 2-2 सेंटीमीटर तय किया गया है। इनका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रक्रियाओं में एकरूपता लाना, दस्तावेजों की पठनीयता बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाले कागजों का उपयोग सुनिश्चित करना है। हाईकोर्ट के इन आदेशों के बाद वकीलों को अपने कंप्यूटर और प्रिंटर की सेटिंग्स में बदलाव करना होगा।

गुरुराज चातुर्मास में सहयोग देने वाले 200 से अधिक महानुभावों का बहुमान, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया स्वधर्मी वात्सल्य का लाभ

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। द्विशताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत एयरपोर्ट रोड स्थित श्री केसरी वाटिका में रविवार को भव्य बहुमान समारोह एवं कृतज्ञता आयोजन श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

चार माह तक चले ऐतिहासिक चातुर्मास में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी लाभार्थियों, कार्यकर्ताओं, समितियों एवं समाजसेवियों के प्रति श्रीसंघ ने कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:30 बजे परम पूज्य गच्छाधिपति जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराज साहब आदि ठाणा की पावन निश्रा में हुआ। परम पूज्य सिद्धरत्न विजयजी महाराज साहब, चारित्ररत्न विजयजी महाराज साहब एवं आध्यात्मसेनजी महाराज साहब की निश्रा में विधिकारक जितेंद्र भाई द्वारा अठारह अभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। इसके लाभार्थी राकेश एवं श्रीमती संगीता वोहरा रहे। इसके पश्चात गच्छाधिपति श्री, मुनि मंडल, साध्वी मंडल एवं चातुर्मास के समस्त लाभार्थियों के प्रति कृतज्ञता एवं बहुमान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रीसंघ अध्यक्ष धनराज संघवी, सचिव महेंद्र बागवाला एवं वि मोदी ने दीप प्रज्जवलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

चातुर्मास की सफलता में सहयोग को महत्वपूर्ण बताया

इस अवसर पर श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष सोहनलाल पारेख का स्मरण करते हुए उनके योगदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। साथ ही पारस वया के योगदान की भी सराहना की गई। अध्यक्ष एवं सचिव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए चातुर्मास की सफलता में सभी के सामूहिक सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। समारोह में चातुर्मास के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं, धार्मिक आयोजनों एवं सेवा कार्यों में योगदान देने वाली सभी समितियों तथा व्यक्तिगत रूप से सहयोग करने वाले 200 से अधिक महानुभावों का श्रीसंघ की ओर से बहुमान किया गया। विभिन्न कमेटियों एवं ट्रस्टों के माध्यम से पूज्य गुरुदेवों का वधामणा कर उनके प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर राजेश जैन युवा ने प्रभावी उद्बोधन देते हुए चातुर्मास की ऐतिहासिक उपलब्धियों, समाज की एकजुटता, कार्यकताओं के समर्पण एवं सामूहिक सहयोग की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े धार्मिक आयोजन की सफलता के पीछे अनेक लोगों का निस्वार्थ परिश्रम, सेवा और समर्पण होता है। यह चातुर्मास इंदौर के जैन समाज के लिए अविस्मरणीय स्मृति बनकर रहेगा।कार्यक्रम में परम पूज्य सिद्धरत्न विजयजी महाराज साहब, पूज्य विद्वदरत्न विजयजी महाराज साहब एवं प्रोफेसर श्रीपाल सकलेचा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराज साहब ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि इंदौर के चातुर्मास से मैं अत्यंत प्रसन्न हूं। इन चार महीनों की स्मृतियां सदैव हमारे हृदय में बनी रहेंगी। आप सभी गुरुगच्छ की प्रभावना करते हुए धर्म के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ें, यही मेरा धर्मलाभ है।

रोहित गोदारा गैंग के नाम पर व्यापारी से रंगदारी, अपहरण कर हत्या की चेतावनी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा गैंग के नाम पर एक स्थानीय व्यापारी को डरा-धमकाकर रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुर्तगाल और अन्य अंतरराष्ट्रीय नंबरों से व्यापारी को कॉल कर घर से अपहरण करने और हत्या करने की धमकी दी है।

इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने शनिवार को अज्ञात मोबाइल नंबरों के धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, सिंगापुर टाउनशिप निवासी व्यापारी संजय पुत्र हेतराम भूरिया ने इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से उन्हें दो अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय नंबरों से लगातार कॉल्स आ रहे थे, जिनमें से एक नंबर पुर्तगाल का था। कॉल करने वाले शख्स ने अपना परिचय 'सागर सिंह शेखावत' के रूप में दिया और खुद को हरियाणा के कुख्यात रोहित गोदारा गैंग से जुड़ा होना बताया। आरोपी ने व्यापारी से पैसों की मांग करते हुए धमकी दी कि यदि उनकी बात नहीं मानी गई, तो उनका घर से अपहरण करवाकर मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

शुरूआत में व्यापारी को यह कॉल किसी शरारती तत्व का मजाक लगा, इसलिए उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया। लेकिन लगातार तीन-चार बार धमकी भरे कॉल्स आने के बाद संजय और उनका पूरा परिवार दहशत में आ गया। पीड़ित व्यापारी ने किसी भी पुरानी रंजिश या विवाद से इनकार किया है।

अपनी जान को खतरा बताते हुए उन्होंने क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और सुरक्षा की गुहार लगाते हुए शिकायत सौंपी।गौरतलब है कि रोहित गोदारा गैंग मुख्य रूप से हरियाणा में सक्रिय है और इस गिरोह पर अपहरण, रंगदारी व हत्या जैसी कई गंभीर वारदातों के आरोप हैं। इस गैंग का नेटवर्क हरियाणा के अलावा दिल्ली, पंजाब और राजस्थान तक फैला हुआ है। फिलहाल इंदौर क्राइम ब्रांच की टेक्निकल टीम उन विदेशी और अंतरराष्ट्रीय नंबरों की लोकेशन, आईपी एड्रेस और कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है, जिनके जरिए व्यापारी को धमकियां दी गई थीं। पुलिस जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

लाइन फटी, सड़कों पर बहा लाखों लीटर पानी

इंदौर । कम बारिश के चलते आगामी दिनों में संभावित जलसंकट को लेकर पहले से ही चिंता बनी हुई है, इसी बीच रविवार सुबह शहर में नर्मदा योजना की एक पाइपलाइन फूटने से पानी की बड़ी बबार्दी सामने आई है। यह घटना कनाडिया बायपास स्थित हनुमान मंदिर के पास हुई, जहां पानी की सप्लाई के दौरान अचानक लाइन फटने से बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह निकला। रविवार सुबह करीब 10 बजे पानी की सप्लाई शुरू होते ही कनाडिया बायपास इलाके में यह फॉल्ट आया। शुरूआती अनुमान के मुताबिक, पानी के तेज प्रेशर के कारण यह लाइन फूटी है, जिससे काफी मात्रा में पानी सड़क पर बेकार बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम का अमला तुरंत हरकत में आया।

मम्मी -पापा को हेलमेट सीट बेल्ट लगवाएंगी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। मम्मी-पापा जब भी बाइक चलाएं तो हेलमेट जरूर पहनाएं और कार में बैठें तो सीट बेल्ट लगवाएं... बाल दिवस के मौके पर शहर के सबसे व्यस्ततम इंद्रप्रस्थ चौराहे पर कुछ ऐसा ही अनूठा नजारा देखने को मिला।

ट्रैफिक पुलिस और यातायात प्रहरियों के संयुक्त अभियान में बच्चों को ही उनके अभिभावकों का 'सुरक्षा कवच' बनाने की पहल की गई। अभियान के दौरान चौराहे से गुजरने वाले वाहनों में बैठे बच्चों से पुलिस टीम और नन्हे यातायात प्रहरी आदित्य तिवारी ने सार्थक संवाद किया। बच्चों को हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों की अहमियत समझाते हुए उनसे बाकायदा यह वचन लिया गया कि वे घर और सफर के दौरान अपने माता-पिता द्वारा नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे। नन्हे प्रहरी आदित्य ने बच्चों और परिजनों को बाल दिवस के विशेष जागरूकता स्टीकर भी भेंट किए और सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। एसीपी मुवेल अभियान में शामिल एसीपी हिंदू सिंह मुवेल ने आम नागरिकों से 'इंदौर ट्रैफिक साथी' एप का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस प्रशासन की नहीं, बल्कि पुलिस और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात अनुशासन अपनाने, तय गति सीमा में वाहन चलाने, रेड लाइट व वन-वे का पालन करने और दोपहिया पर तीन सवारी न बैठाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में निरीक्षक नारायण डामोर, एएसआई मुकेश चौधरी, आरक्षक राजू शर्मा सहित यातायात प्रहरी राजकुमार जैन, अरुण घोलप, श्याम सुंदर बिहानी, जावेद खान, निर्मल शाह और संगीता तिवारी मौजूद रहे।

छात्रा का नंबर पाने के लिए रिश्तेदारों को दिए 50 हजार का ऑफर, एफआईआर

इंदौर । शहर के खुड़ैल थाना क्षेत्र में एकतरफा प्यार के पागलपन का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक सिरफिरे युवक ने 21 वर्षीय छात्रा को बदनाम करने और उसका मोबाइल नंबर हासिल करने के लिए उसके पूरे परिवार को परेशान कर दिया। पुलिस ने शनिवार रात पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सनावदिया क्षेत्र में रहने वाली 21 वर्षीय छात्रा ने खातीवाला टैंक निवासी नवीन शर्मा उर्फ शिवा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का परिवार करीब दो साल पहले सिंधी कॉलोनी में रहता था, जहां एक गारमेंट्स की दुकान पर काम करने के दौरान आरोपी ने उसे देखा था। इसके बाद से ही आरोपी उसके पीछे पड़ा हुआ था।

सांची दूध के दाम बढ़ने पर भड़के पशुपालक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। मध्यप्रदेश स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन द्वारा 14 नवंबर से सांची दूध की नई उपभोक्ता दरें लागू किए जाने के बाद एक तरफ जहां आम जनता का मासिक बजट बिगड़ गया है, वहीं दूसरी तरफ दूध उत्पादन करने वाले किसानों में भारी नाराजगी है। फेडरेशन ने विभिन्न श्रेणियों के आधा लीटर पैकेट पर एक से दो रुपए तक की बढ़ोतरी की है और इसके पीछे दूध खरीदी, पैकिंग सामग्री व परिवहन की बढ़ती लागत को मुख्य कारण बताया है। हालांकि, बाजार में दूध महंगा होने के बावजूद इसका सीधा लाभ दूध उत्पादक किसानों तक नहीं पहुंच पाया है, जिससे उनकी आमदनी जस की तस बनी हुई है।

किसान नेता बब्लू जाधव का कहना है कि लागत बढ़ने का हवाला देकर उपभोक्ताओं से तो अधिक दाम वसूले जा रहे हैं, लेकिन उत्पादकों को पुराने दरों पर ही भुगतान किया जा रहा है। कपालिया खेड़ी के किसान राजेश दागी पटेल ने पशुपालन की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए बताया कि हाल ही में चूरी, भूसा और पशु आहार के दामों में भारी इजाफा हुआ है। हरे चारे की कमी के कारण पशुओं का पेट भरना और उनकी देखभाल करना बेहद महंगा साबित हो रहा है। ऐसे में मौजूदा खरीद भाव पर पशुपालन का व्यवसाय घाटे का सौदा बनता जा रहा है। किसानों की स्पष्ट मांग है कि जब बिक्री दर तय करते समय बढ़ती लागत को आधार बनाया जाता है, तो उसी अनुपात में दूध का खरीद मूल्य भी बढ़ाया जाना चाहिए। दूसरी ओर, किसान नेता दिलीप सिंह पवार और हंसराज मंडलोई ने चेतावनी दी है कि लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए उत्पादक किसान पहले भी कई बार आवाज उठा चुके हैं, लेकिन खरीद दरों में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। अब नई उपभोक्ता दरें लागू होने के बाद किसान एक बार फिर एकजुट होने की तैयारी कर रहे हैं। आगामी एक सप्ताह के भीतर किसानों की एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री राकेश गोरखे।** पता **121, वृंदावन गार्डन, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1001332893** क्रेता/जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है **श्री सुमित मित्तल पिताश्री संतोष कुमार मित्तल।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **16.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री राजेश भार्गव।** पता **178, एम्पायर स्टेट, इन्दौर** झोन क्र. 19 पिन. नं. **1003112747** क्रेता/जिसके नाम नामांतरण चाहा गया है **श्री अनुराग मनोज श्रीवास्तव, प्रज्ञा प्रकाश।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **16.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदक/विक्रेता प्रस्तुत किया गया है। आवेदक **श्री सिद्धार्थ देशमुख** क्रेता **श्री के. बालाजी सिंह** पता **129 विद्यानगर, 203, शिवम अपार्टमेंट, इंदौर** पिन **1001140924,** झोन क्र. 13 इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **15.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

मध्य प्रदेश में ठंड ने पकड़ी रफ्तार 19 शहरों में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे



मृदुभाषी। भोपाल

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर अब मध्य प्रदेश में साफ तौर पर दिखने लगा है, जिससे प्रदेश में ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो गया है। रात और सुबह के समय ठंड का अहसास बढ़ने लगा है और बीती रात प्रदेश के 19 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अमरकंटक में न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा, जबकि इंदौर में पारा 11.2 डिग्री पर पहुंच गया।

इसके अलावा पचमढ़ी में 11.8 डिग्री, कटनी के करौंदी में 11.3, शाजापुर के गिरवर में 11.7, दमोह में 12, छिंदवाड़ा व रायसेन में 12.4 और नौगांव में 13 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल और जबलपुर में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री रहा, जबकि उज्जैन में पारा 13.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल उत्तर-पश्चिम भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस सिस्टम के आगे बढ़ते ही उत्तर दिशा से आने वाली ठंडी हवाएं मध्य प्रदेश का रुख करेंगी, जिससे पारे में और अधिक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पिछले एक दशक के आंकड़ों पर नजर डालें तो नवंबर के दूसरे पखवाड़े में तेज ठंड का असर देखने को मिलता है, और इस बार भी 15 नवंबर के बाद सर्दी बढ़ने का अनुमान है। ग्वालियर-चंबल संभाग में उत्तरी हवाओं का प्रभाव अधिक रहने से यहाँ तापमान तेजी से लुढ़क सकता है। कड़ाके की सर्दी के संकेत के बीच मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवातीय तूफान के प्रभाव से 20 नवंबर के बाद प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू होने की संभावना भी जताई है।

गांधीसागर में 18 नवंबर को मोहन सरकार की डेस्टिनेशन कैबिनेट, 11,500 करोड़ की परियोजना बनेगी आकर्षण का केंद्र

1,920 मेगावाट क्षमता वाली देश की सबसे बड़ी निर्माणाधीन परियोजना पर सरकार का फोकस

मृदुभाषी। इंदौर/मंदसौर

18 नवंबर को गांधीसागर में जुटेगी मोहन सरकार: अतिरिक्त सौर और पवन ऊर्जा को जमा कर पीक आवर्स में मिलेगी 6 घंटे तक बिजली; 4 हजार लोगों को निर्माण के दौरान मिला रोजगार, पर्यटन, चीता संरक्षण और मत्स्य पालन को भी मिलेगी नई पहचान

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार 18 नवंबर को मंदसौर जिले के गांधीसागर में डेस्टिनेशन कैबिनेट आयोजित करने जा रही है। इस आयोजन का उद्देश्य केवल मंत्रिमंडल की बैठक करना नहीं, बल्कि गांधीसागर क्षेत्र में विकसित हो रही देश की महत्वपूर्ण ऊर्जा परियोजना और यहां मौजूद विकास की संभावनाओं को प्रदेश और देश के सामने लाना भी है। इस कैबिनेट का सबसे बड़ा आकर्षण लगभग 11,500 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार हो रही 1,920 मेगावाट क्षमता वाली गांधीसागर पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना होगी। यह परियोजना पूरी होने के बाद देश की सबसे बड़ी स्वतंत्र पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना बनने जा रही है।

डेस्टिनेशन कैबिनेट से क्षेत्र को मिलेगी पहचानः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर गांधीसागर में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे बड़े निवेश की जानकारी आमजन तक पहुंचे। गांधीसागर जलाशय पहले से ही ऊर्जा, सिंचाई, मत्स्य पालन और पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है। अब पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना इसे देश के ऊर्जा मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की तैयारी में है। देश की बड़ी ऊर्जा परियोजना बन रही गांधीसागर की पहचानः ग्रीनको ग्रुप द्वारा विकसित की जा रही इस परियोजना का निर्माण लगभग 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। इसमें करीब 11,500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। परियोजना में दो जलाशयों की व्यवस्था होगी। मौजूदा गांधीसागर जलाशय निचले जलाशय के रूप में काम करेगा, जबकि ऊपरी जलाशय का निर्माण किया जा रहा है। इस व्यवस्था के जरिए अतिरिक्त बिजली को भविष्य की जरूरत के लिए सुरक्षित रखा जा सकेगा। सौर और पवन ऊर्जा को बर्बाद होने से बचाएगी तकनीकः इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि इसमें पानी का उपभोग नहीं होगा, बल्कि उसका पुनः उपयोग किया जाएगा। गांधीसागर जलाशय से लगभग 2.4 टीएमसी पानी का गैर-उपभोक्ता उपयोग किया जाएगा। जब ग्रिड में सौर और पवन ऊर्जा की अतिरिक्त उपलब्धता होगी, तब उस बिजली से पानी को निचले जलाशय से ऊपरी जलाशय में पहुंचाया जाएगा। अधिक बिजली की मांग के समय ऊपरी जलाशय से पानी नीचे छोड़ा जाएगा, जिससे टरबाइन चलेंगी और बिजली पैदा होगी। गांधीसागर अभयारण्य बन रहा जैव विविधता का महत्वपूर्ण केंद्रः गांधीसागर क्षेत्र पर्यटन के साथ वन्यजीव संरक्षण के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। कूनो के बाद गांधीसागर वन्यजीव अभयारण्य को चीतों के दूसरे प्राकृतिक वास के रूप में विकसित किया गया है। यह क्षेत्र गिद्धों की आबादी और चंबल नदी में मगरमच्छों के सुरक्षित प्रजनन के लिए भी जाना जाता है।



ऊर्जा, रोजगार और पर्यटन का संगम बनेगा गांधीसागर

गांधीसागर में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक के जरिए मध्यप्रदेश सरकार इस क्षेत्र की बहुआयामी विकास क्षमता को सामने लाने जा रही है। पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना से ऊर्जा भंडारण और ग्रिड स्थिरता को मजबूती मिलने की उम्मीद है, वहीं मत्स्य पालन, पेयजल, सिंचाई, वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिल सकता है। ऐसे में 18 नवंबर का आयोजन गांधीसागर को ऊर्जा और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



छह घंटे तक लगातार मिलेगी 1,920 मेगावाट बिजली

परियोजना अपनी पूरी 1,920 मेगावाट क्षमता पर लगातार छह घंटे तक बिजली उत्पादन कर सकेगी। इसमें कुल नौ टरबाइन स्थापित किए जा रहे हैं। इनसे सालाना लगभग 3,580 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता विकसित होगी। परियोजना की अनुमानित राउंड ट्रिप एफिशिएंसी लगभग 80 प्रतिशत होगी। इसका अर्थ है कि बिजली भंडारण के बाद उसका बड़ा हिस्सा दोबारा उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

दिसंबर 2026 से शुरू हो सकता है संचालन

जून 2027 तक पूरी परियोजना चालू करने का लक्ष्यः परियोजना के तकनीकी कार्यक्रम के अनुसार दिसंबर 2026 में टरबाइनों के पहले सेट का संचालन शुरू करने की योजना है। जून 2027 से पूरी परियोजना का वाणिज्यिक संचालन शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उत्पादित बिजली को एनटीपीसी, एसईसीआई और मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों को दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

गांधीसागर केवल बिजली नहीं, विकास का केंद्र

गांधीसागर जलाशय मंदसौर और नीमच सहित आसपास के क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मछुआरा सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता, आधुनिक जाल, नौकाएं और बाजार उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। वहीं गांधीसागर समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के जरिए किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर जैसी तकनीकों का लाभ मिल रहा है।

फ्लोटिंग फेस्टिवल-ऐतिहासिक धरोहरों से बढ़ेगा पर्यटन

स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्तेः गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिवल, टेंट सिटी और वाटर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियां क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा दे रही हैं। इससे स्थानीय युवाओं के लिए गाइड, हॉस्पिटैलिटी और हस्तशिल्प के क्षेत्र में रोजगार के अवसर बन रहे हैं। इसके अलावा हिंगलाजगढ़ किले के जीर्णोद्धार और चतुर्भुज नाथ नाला के प्रागैतिहासिक शैलचित्रों के संरक्षण के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

चार हजार लोगों को मिला रोजगार, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकताः परियोजना के निर्माण चरण में लगभग चार हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। संचालन और रखरखाव के दौरान करीब 200 लोगों को स्थायी रोजगार मिलने का अनुमान है। परियोजना में मध्यप्रदेश के योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को अधिकतम रोजगार अवसर देने की प्रतिबद्धता भी शामिल है। इससे आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

किरार समाज मेरे लिए बचपन का झूला, जवानी की फुलवारी-बुढ़ापे की काशी है

इंदौर। अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा की ओर से इंदौर के बापट चौराहे पर जिला स्तरीय 'किरार कुंभ' का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समाजजनों को संबोधित करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि किरार समाज उनके जीवन का आधार है, जो उनके लिए बचपन का झूला, जवानी की फुलवारी और बुढ़ापे की काशी के समान है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जिस समाज में जन्म लेता है, वहाँ के संस्कारों और माता-पिता के आशीर्वाद से ही उसे जीवन की सही दिशा मिलती है।

अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को 'दूसरों के लिए जीने' और 'कर्म करो, फल की चिंता मत करो' का संदेश देते हुए कहा कि जनता के इसी आत्मीय प्रेम ने उन्हें 'मामा' की पहचान दिलाई है। अपने शुरुआती जीवन के संस्मरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वे एक साधारण किसान परिवार में जन्मे थे और बचपन से ही उनके मन में देश व समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तड़प थी।



बचपन में उन्होंने गीता और रामायण का गहन अध्ययन किया था। उन्होंने एक संस्मरण साझा करते हुए बताया कि दादाजी के निधन के बाद हुए ब्राह्मण भोज में भेंट की गई गीता की बची हुई प्रतियों को उन्होंने बचपन में ही पढ़ना शुरू कर दिया था। बार-बार गीता के अध्ययन से उन्हें यह बोध हुआ कि जीवन का वास्तविक सार केवल अपने लिए जीने में नहीं है, बल्कि जो व्यक्ति अपना जीवन समाज, देश और जनहित में समर्पित कर देता है, उसका जीवन ही सार्थक होता है।

सीहोर-श्यामपुर मार्ग की जर्जर हालत पर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

सड़क पर फूल-मालाएं चढ़ाकर और अगरबत्ती जलाकर रखा दो मिनट का मौन

मृदुभाषी। सीहोर

सीहोर-श्यामपुर मार्ग की बदहाल स्थिति के विरोध में रविवार शाम कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षतिग्रस्त सड़क पर फूल-मालाएं अर्पित कीं और अगरबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा। कांग्रेस ने प्रतीकात्मक रूप से सड़क को मृत घोषित करते हुए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

पंकज शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान आधुनिक एफडीआर तकनीक के इस्तेमाल और उच्च गुणवत्ता के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन निर्माण के महज एक महीने बाद ही सड़क उखड़ने लगी थी। धीरे-धीरे इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए, जिससे वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है और हर वक्त दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। कांग्रेस नेताओं ने चार दिन पहले इसी मार्ग पर हुए एक दर्दनाक हादसे का जिक्र करते हुए बताया कि सड़क के गड्ढे में बाइक का पहिया जाने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी, जबकि इससे पहले भी कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं। कांग्रेस ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

'चांद पर भी इतने गड्ढे नहीं होंगे'

प्रदर्शन के दौरान तंज कसते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि सीहोर-श्यामपुर मार्ग पर शायद चांद से भी ज्यादा गड्ढे हो चुके हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई और सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी अपने आंदोलन को और अधिक उग्र करेगी। इस अनोखे प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, कांग्रेस नेता आसिफ अंसारी, राजेश रैकवाल, विवेक टांक और आर्यन भैरवे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपने ही थाना क्षेत्र में पुलिस कमिश्नर के जनसंवाद से नदारद रहे टीआई

भोपाल। राजधानी में पुलिस महकमे के भीतर अनुशासन और जवाबदेही को लेकर सख्ती बरती जा रही है। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार आम लोगों की समस्याएं सुनने और पुलिस की कार्यप्रणाली का फीडबैक लेने चूनाभट्ठी थाना क्षेत्र में जनसंवाद कार्यक्रम करने पहुंचे थे। हालांकि, जिस थाना क्षेत्र में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, उसी थाने के प्रभारी गैरमौजूद रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए चूनाभट्ठी थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र मौर्य को निलंबित कर दिया। विशेष अभियानों में कमजोर प्रदर्शन भी इस कार्रवाई की वजह बना।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य कुमार कश्यप को 'स्वर्णिम वर्ल्ड रिकॉर्ड' सम्मान

जनसेवा, त्याग और राष्ट्र निर्माण में प्रमुख योगदान के लिए मिली वैश्विक पहचान

मृदुभाषी। इंदौर

मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री और रतलाम शहर के विधायक चेतन्य कुमार कश्यप को जनसेवा, सामाजिक समर्पण और राष्ट्र निर्माण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'स्वर्णिम वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह वैश्विक सम्मान 'द आइकॉन ऑफ सोशल ट्रांसफॉर्मेशन, सेल्फलेस पब्लिक सर्विस एंड नेशन बिल्डिंग' की उपाधि के साथ प्रदान किया गया। स्वर्णिम फाउंडेशन के संस्थापक वीरेंद्र कुमार जैन ने उन्हें यह सम्मान और प्रमाणपत्र भेंट किया।

चेतन्य कश्यप ने वर्ष 2013, 2018 और 2023 में रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विजय प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2023 के चुनाव में उन्होंने



60,708 मतों के विशाल अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जिसके बाद 25 दिसंबर 2023 को उन्हें डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। उनके सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उन्होंने अपने तीनों कार्यकालों के दौरान मिलने वाले वेतन, भत्तों और पेंशन को व्यक्तिगत रूप से न लेकर जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया है। समाज सेवा के क्षेत्र में रतलाम में स्थापित 'अहिंसा ग्राम' उनकी एक अनुकरणीय पहल है, जिसके जरिए झुग्गी बस्तियों के हजारों जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास मिले हैं। इसके अलावा, कुपोषण उन्मूलन के लिए पौष्टिक आहार वितरण, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान और 'चेतना खेल मेला' के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को मंच देना उनके प्रमुख सामाजिक सरोकार रहे हैं। राजनीति में आने से पूर्व एक सफल उद्योगपति के रूप में पहचान बनाने वाले कश्यप वर्तमान में MSME मंत्री के रूप में प्रदेश में लघु उद्योगों, स्टार्टअप और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के माध्यम से औद्योगिक निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि व्यक्तिगत सुविधाओं से ऊपर उठकर जनकल्याण को प्राथमिकता देने वाले चेतन्य कश्यप का जीवन समाज के लिए एक प्रेरक उदाहरण है।



सम्पादकीय

कीमतों को काबू करना हो प्राथमिकता

बीते माह देश में खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उछाल से महंगाई दो साल के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। यह स्पष्ट है कि देश के केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति महंगाई को काबू में रखने में विफल रही है। चिंता की बात है यह महंगाई दर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित छह फीसदी की तय अधिकतम सीमा को पार कर गई है। इसके साथ ही दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति निर्धारण करने वाली कमेटी की बैठक में नीतिगत ब्याज दर में एक और बढ़ोतरी की आशंका बलवती हुई है। उल्लेखनीय है कि अक्तूबर में भी आरबीआई ने रेपो रेट में 25 आधार अंक का इजाफा किया था। पिछले एक साल से लगातार बढ़ रही खुदरा महंगाई का दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचना बताता है कि लोगों की क्रय शक्ति क्षमता में कमी आई है। जाहिर है इसका दबाव घरेलू बजट पर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते माह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई के आधार पर खुदरा महंगाई दर 6.09 प्रतिशत तक जा पहुंची है। जिसके चलते अगले माह की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट बढ़ने की संभावना फिर प्रबल हो गई है। आशंका है कि इससे उपभोक्ताओं के घर व वाहन आदि के लोन की मासिक किस्ते लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। उल्लेखनीय है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों, जिनकी मूल्य सूचकांक निर्धारण में चालीस फीसदी की हिस्सेदारी होती है, की महंगाई बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। देश में सब्जियां, दालें और किराना का अन्य सामान महंगा हो गया है। वहीं अनाज, तिलहन और चीनी की कीमतों पर भी दबाव बना हुआ है। यहां उल्लेखनीय है कि अक्तूबर माह में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.94 फीसदी हो गई है। यही वजह है कि लोगों को आशंका है कि उनके लिये आने वाली सर्दियों में मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

यूं तो महंगाई आजकल, वैश्विक उथल-पुथल और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण विश्वव्यापी समस्या हो गई है। खासकर रूस व यूक्रेन तथा खाड़ी में जारी संघर्ष के चलते पेट्रोलियम पदार्थों व उनसे बनने वाले उत्पादों की आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन भारत में बढ़ती महंगाई के कारणों में मौसम की संवेदनशीलता व मुद्रास्फीति भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि देश में घरेलू महंगाई दर लगातार बारहवें महीने बढ़ी है। खाने-पीने की चीजों के अलावा, इसमें परिवहन से जुड़े खर्च, कपड़े,आवास और भोजन से जुड़ी सेवाओं का भी योगदान रहा है। हालांकि, खाड़ी संघर्ष में स्थितियां सामान्य होने की ओर बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। यद्यपि, सीधे तौर पर उपभोक्ताओं को इसका लाभ न मिला हो,लेकिन दामों में कमी अपरोक्ष रूप से कुछ राहत देने वाली जरूर है। इसके बावजूद महंगाई का दबाव बना रहेगा। हालांकि, आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि मुख्य महंगाई दर अभी अपने चरम पर नहीं पहुंची है, जो कमजोर और असमान मानसून के असर को दर्शाती है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि वैश्विक स्तर पर खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों ने घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ा ही दिया है। निस्संदेह, यह चिंताजनक स्थिति जरूर है, लेकिन कुल मिलाकर तस्वीर में कुछ उम्मीद भी नजर आ रही है। वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में जीडीपी का 7.7 रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि आम आदमी के लिये यह स्थिति कष्टकारी हो सकती है। एक आम उपभोक्ता के लिये बढ़ती महंगाई के मायने जरूरी चीजों पर खर्च कम करना हो सकता है। ऐसे में कीमतों को स्थिर रखने की जरूरत और भी बढ़ जाती है।

विकास की पटरियों और रफ्तार के रास्तों से दूर अशोकनगर आखिर कब मिलेगी सीधी रेल और सुरक्षित सड़क?



मृदुल जैन

देश तेजी से विकसित परिवहन नेटवर्क की ओर बढ़ रहा है, लेकिन मध्य प्रदेश का अशोकनगर जिला आज भी रेल और सड़क संपर्क की बुनियादी चुनौतियों से जूझ रहा है। राजधानी दिल्ली, आर्थिक राजधानी मुंबई और प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर जैसे प्रमुख शहरों के लिए यहां से आज भी कोई नियमित सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है। दूसरी ओर, भोपाल तक का सड़क सफर भी कई स्थानों पर इतना खराब हो चुका है कि वह असुविधाजनक ही नहीं, बल्कि जोखिम भरा भी बन गया है। इसका असर केवल यात्रियों पर नहीं, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जिले के समग्र आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा है।

दिल्ली जाने वाले यात्रियों की परेशानी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नागदा–बीना एक्सप्रेस रात 9:40 बजे बीना पहुंचती है, जबकि वहां से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन रात 12:47 बजे रवाना होती है। यानी यात्रियों को तीन घंटे से अधिक समय स्टेशन पर इंतजार करना पड़ता है। सितंबर 2026 में आनंदपुर आयोजन के लिए दिल्ली सराय रोहिल्ला–अशोकनगर विशेष ट्रेन जरूर चलाई गई थी, लेकिन जिले को ऐसी नियमित सेवा चाहिए जिस पर वर्षभर भरोसा किया जा सके।

यह स्थिति तब है, जब अशोकनगर उस संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है जहां सिंधिया परिवार का दशकों से राजनीतिक प्रभाव रहा है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीना–रुठियाई मेमू की समय-सारिणी में सुधार कराया और सड़क संपर्क को लेकर भी पहल की, लेकिन जिले की सबसे महत्वपूर्ण मांगें अब भी अधूरी हैं।

चंदेरी के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश मिश्रा लंबे समय से इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। अगस्त 2024 में उन्होंने ललितपुर–चंदेरी–पिपरई नई रेल लाइन का प्रस्ताव रेलवे को सौंपा। नवंबर 2024 में अंतिम स्थल सर्वे को मंजूरी मिली और अक्टूबर 2026 तक परियोजना रिपोर्ट रेलवे बोर्ड के समक्ष रखे जाने की जानकारी सामने आई। यह रेल लाइन केवल यातायात का साधन नहीं होगी, बल्कि चंदेरी के विश्वप्रसिद्ध हथकरघा उद्योग, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। अब रेल मंत्रालय को स्पष्ट करना चाहिए कि इस



परियोजना के लिए बजट कब स्वीकृत होगा और निर्माण कब शुरू होगा। सड़क संपर्क की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। डॉ. मिश्रा ने 10 नवंबर को मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम को पत्र लिखकर प्रस्तावित 320 किलोमीटर लंबे भोपाल–ग्वालियर फोरलेन से अशोकनगर को जोड़ने की मांग की है। निगम ने डीपीआर के लिए निविदा जारी कर दी है। इससे पहले दिसंबर 2023 में तत्कालीन सांसद कृष्णपाल सिंह यादव भी इस मांग को लोकसभा में उठा चुके हैं।

इस मांग के पीछे मजबूत आर्थिक तर्क मौजूद हैं। अशोकनगर कृषि उत्पादन का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां की मंडी में सोयाबीन, गेहूं, मक्का और उड़द का बड़े पैमाने पर व्यापार होता है। एगमार्कनेट के अनुसार, 14 नवंबर 2026 तक के केवल सात दिनों में ही 887 टन मक्का और 196 टन सोयाबीन सहित बड़ी मात्रा में कृषि उपज की आवक दर्ज हुई। वहीं, नाबार्ड की 2026–27 की योजना के अनुसार जिले के 52 गोदामों की कुल भंडारण क्षमता लगभग 1.28 लाख टन है। ऐसे में फोरलेन परियोजना की डीपीआर तैयार करते समय कृषि व्यापार, परिवहन लागत और समय की बचत का विस्तृत आर्थिक विश्लेषण अनिवार्य होना चाहिए।

हालांकि भविष्य की परियोजनाएं अपनी जगह महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वर्तमान की समस्याओं का समाधान भी उतना ही जरूरी है। भोपाल मार्ग पर दीवानगंज और बालमपुर घाटी के बीच सड़क की स्थिति लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। अक्टूबर में यहां बड़े-बड़े गड्ढों की खबरें सामने आईं और 10 नवंबर की रिपोर्ट के अनुसार बेरखेड़ी चौराहे से बालमपुर घाटी तक महज 15 दिनों में दस से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं। 12 नवंबर को रायसेन प्रशासन ने भोपाल–विदिशा मार्ग के उन्नयन के लिए सामाजिक प्रभाव अध्ययन के आदेश जारी किए हैं, लेकिन जब तक नई सड़क नहीं बनती, तब तक गड्ढों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त रेलिंग की मरम्मत और सड़क सुरक्षा के तत्काल उपाय सुनिश्चित किए जाने चाहिए। अशोकनगर की मांग न तो अव्यावहारिक है और न ही अत्यधिक महत्वाकांक्षी। जिले को केवल इतना चाहिए कि रेलवे दिल्ली, मुंबई और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों के लिए नियमित सीधी रेल सेवाएं शुरू करे, बीना–रुठियाई के बीच ट्रेनों का बेहतर तालमेल सुनिश्चित करे, राज्य सरकार मौजूदा भोपाल मार्ग को सुरक्षित बनाए और प्रस्तावित भोपाल–ग्वालियर फोरलेन में अशोकनगर को सीधे जोड़ने का स्पष्ट प्रावधान करे। अब समय आ गया है कि घोषणाओं और आश्वासनों से आगे बढ़कर जनप्रतिनिधि जनता के सामने इन परियोजनाओं की स्पष्ट समयसीमा रखें। क्योंकि विकास केवल नक्शों और घोषणाओं से नहीं, बल्कि पटरियों पर दौड़ती ट्रेनों और सुरक्षित सड़कों पर चलती जिंदगी से दिखाई देता है।

कारखानों में श्रमिक सुरक्षा पर देना होगा जोर

तमिलनाडु के होसुर स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स कारखाने में दम घुटने से तीन संविदा श्रमिकों की मौत ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह कारखाना ऐपल आईफोन के पुर्जे बनाता है। उप-ठेकेदार के माध्यम से काम पर रखे गए इन श्रमिकों की मौत अपशिष्ट जल शोधन टैंक की सफाई करते समय हुई। यह घटना विशेष रूप से इसलिए चिंताजनक है कि मई 2025 में तिरुपुर की एक रंगाई इकाई में सीवेज टैंक की सफाई करते समय तीन श्रमिकों की मौत हो गई थी।

इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति कारखानों में सुरक्षा व्यवस्था में कई कमियों की ओर इशारा करती है। औद्योगिक टैंकों और अन्य बंद स्थानों की सफाई के लिए पहले से ही जोखिम का आकलन, गैस परीक्षण, पर्याप्त हवा, उपयुक्त सुरक्षा उपकरण और आपात स्थिति से निपटने में सक्षम प्रशिक्षित व्यक्तियों की आवश्यकता होती है।

होसुर की घटना बड़े विनिर्माण प्रतिष्ठानों में खंडित जवाबदेही पर भी सवाल उठाती है, जहां रखरखाव और सहायक कार्यों को अक्सर कई ठेकेदारों के माध्यम से आउटसोर्स किया जाता है। हालांकि श्रमिकों को उप-ठेकेदार द्वारा काम पर रखा गया था, लेकिन बड़ा विनिर्माण प्रतिष्ठान कार्यस्थल पर सुरक्षा को अपने संचालन से पूरी तरह से अलग मुद्दा नहीं मान सकता। औद्योगिक दुर्घटनाओं के संबंध में भारत का रिकॉर्ड इन चिंताओं को और पुष्ट करता है। कारखाना परामर्श सेवा एवं श्रम संस्थान के महानिदेशालय के अनुसार, पंजीकृत कारखानों ने 2023 में 1,090 मौतों की सूचना दी। इससे भी अधिक महत्त्वपूर्ण बात यह है कि 2014-23 के दौरान गैस रिसाव के कारण 338 लोगों की जान गईं, जो यह दर्शाती है कि ऐसी घटनाएं न तो नई हैं और न ही अपरिचित। प्रवर्तन क्षमता भी एक चिंता का विषय है। वर्ष 2023 में भारत में स्वीकृत 974 पदों के मुकाबले केवल 630 कार्यरत कारखाना निरीक्षक थे।

नवंबर 2025 में लागू हुई चार श्रम संहिताएं इनमें से कुछ कमियों को दूर करने के लिए एक ढांचा प्रदान करती हैं।



व्यापार

चीन को पीछे छोड़ने की उम्मीद

2027 में 7.2 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था



मृदुभाषी। नई दिल्ली

वैश्विक निवेश बैंक गोल्डमैन सैश द्वारा जारी एक नई रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक विकास दर वर्ष 2027 में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान चीन की अर्थव्यवस्था के 4.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गई है।

यह आंकड़े दर्शाते हैं कि आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले कहीं अधिक तेजी से गति पकड़ेगी। निवेश बैंक के मुताबिक, वर्ष 2026 में भारत की विकास दर 7.9 प्रतिशत और चीन की विकास दर 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि अमेरिका की विकास दर 2026 में 2.3 प्रतिशत और 2027 में 2.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2027 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर कुल खर्च 1.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि वर्ष 2026 में करीब 1.1 ट्रिलियन डॉलर था। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण अमेरिका में हार्डवेयर क्षेत्र के निवेश में 500 अरब डॉलर का इजाफा होना है। बैंक का आकलन है कि अगले साल वैश्विक जीडीपी ग्रोथ में अकेले एआई निवेश का योगदान 0.4 प्रतिशत अंक रहेगा। वहीं, सेमीकंडक्टर निवेश और बौद्धिक संपदा निर्यात की सांख्यिकीय गणना को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी जीडीपी ग्रोथ में इसका अनुमानित योगदान 0.6 प्रतिशत अंक रहेगा।

वैश्विक अर्थव्यवस्था का हाल और विशेषज्ञों की रायः वैश्विक निवेश बैंक के अनुसार, वर्ष 2027 में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लगभग 2.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चालू वर्ष में यह आंकड़ा करीब 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस स्थिर वृद्धि के पीछे प्रमुख कारण ऊर्जा की कीमतों में कमी आना और प्रौद्योगिकी (AI) क्षेत्र में लगातार निवेश जारी रहना है। गोल्डमैन सैश रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रमुख जान हैटजियस ने इस संबंध में कहा कि यह आउटलुक वैश्विक आर्थिक गतिविधियों को दिशा देने वाले प्रमुख कारकों में आए बदलावों को उजागर करता है, जिनमें मुख्य रूप से ऊर्जा लागत, तकनीकी निवेश और राजकोषीय नीतियां शामिल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्ष 2027 में जीडीपी की वृद्धि दर ठोस और मजबूत तो बनी रहेगी।

डिजिटल भुगतान में साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए कंपनियों को छह घंटे के भीतर देनी होगी असामान्य घटना की जानकारी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के डिजिटल भुगतान तंत्र को अधिक सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए नए और कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन नए नियमों के तहत गैर-बैंकिंग भुगतान प्रणाली चलाने वाली कंपनियों को किसी भी असामान्य घटना की जानकारी मात्र छह घंटे के भीतर केंद्रीय बैंक और सीईआरटी-इन (CERT-In) को देनी होगी। इन घटनाओं में साइबर हमला, प्रणाली का अचानक बंद होना और भुगतान निपटारे (सेटलमेंट) में देरी जैसी स्थितियां शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे बढ़ते साइबर खतरों पर प्रभावी लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

आरबीआई के ये नए निर्देश सभी गैर-बैंकिंग भुगतान प्रणाली संचालकों (पीएसओ) पर लागू होंगे। तय प्रारूप



में छह घंटे के भीतर सूचना मिलने से केंद्रीय बैंक समय रहते दखल दे सकेगा और संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख सकेगा। देश में तेजी से बढ़ते डिजिटल लेनदेन के साथ भुगतान प्रणालियों को निशाना बनाने वाले साइबर हमले भी जटिल होते जा रहे हैं, जिसे देखते हुए यह समय-सीमा बेहद अहम मानी जा रही है। इन नए नियमों के दायरे में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई), कार्ड भुगतान प्रणाली संचालक, विभिन्न भुगतान सेवाओं को जोड़ने वाली कंपनियां, प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट्स (पीपीआई) जारी करने वाली संस्थाएं और व्हाइट लेबल एटीएम संचालक (डब्ल्यूएलएओ) आएंगे। केंद्रीय बैंक ने सॉफ्टवेयर सुरक्षा, प्रणाली ऑडिट और तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) की सेवाओं से जुड़े कड़े प्रावधान भी लागू किए हैं। 63सैट्स साइबरटेक के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ श्रीनिवास एल ने इन नियमों का स्वागत करते हुए कहा कि आरबीआई ने बिखरे हुए निर्देशों को एक स्पष्ट नियमावली में बदल दिया है। इसके तहत कंपनियों को थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन का सोर्स कोड सुरक्षित जमा (एस्क्रो) में रखना होगा। वहीं, अपोलो इन्फोवेज के संस्थापक और सीईओ रवि प्रकाश ने इसे भारत के अगली पीढ़ी के सुरक्षित डिजिटल वित्तीय ढांचे की दिशा में एक रणनीतिक कदम बताया है। आरबीआई ने हर भुगतान प्रणाली संचालक के लिए वित्त वर्ष समाप्त होने के दो महीने के भीतर सालाना प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा, ग्राहक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी में बदलाव होने पर 12 घंटे का अनिवार्य कूलिंग पीरियड (प्रतीक्षा अवधि) लागू रहेगा, जिससे धोखाधड़ी की गुंजाइश कम होगी।

किसे कब तक करना होगा पालन?

नए नियम बड़े और मध्यम आकार के भुगतान प्रणाली संचालकों पर तत्काल प्रभाव से लागू हो चुके हैं, जबकि छोटी कंपनियों को इन मानकों को अपनाने के लिए 1 अप्रैल 2028 तक का समय दिया गया है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारत को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में मशीन और सटीक कलपुर्जे बनाने की जरूरत

स्वास्थ्य बीमा दावों में भारी उछाल

मृदुभाषी। नई दिल्ली

हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदूषण से संबंधित स्वास्थ्य बीमा दावों में 4.3 गुना की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। कुल Insurance दावों में से 78 प्रतिशत मामले अकेले हृदय और श्वसन संबंधी बीमारियों से जुड़े हैं।

पॉलिसीबाजार के आंकड़ों के मुताबिक, 31 से 55 वर्ष की आयु वर्ग के कामकाजी पेशेवर 59 प्रतिशत दावों के साथ सूची में सबसे आगे हैं, जबकि वरिष्ठ नागरिक 31 प्रतिशत दावों के लिए जिम्मेदार हैं। ये दोनों समूह मिलकर कुल प्रदूषण-संबंधी दावों का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। भौगोलिक रूप से दिल्ली में सबसे अधिक 8,093 दावे दर्ज किए गए, जिसके बाद पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और हैदराबाद का स्थान रहा, जबकि टियर-2 और टियर-3 शहरों की हिस्सेदारी कुल दावों में 55 प्रतिशत रही है। प्रदूषण से जुड़े ये दावे आमतौर पर अक्टूबर से मार्च के बीच सबसे अधिक आते हैं।

इस दौरान कुल दावा भुगतान 4.5 गुना बढ़कर 241.6 करोड़ रुपये हो गया है और औसत दावा राशि बढ़कर 62,662 रुपये तक पहुंच गई है, जो यह साबित करती है कि प्रदूषण अब केवल श्वसन रोगों तक सीमित न रहकर एक गंभीर स्वास्थ्य और वित्तीय जोखिम बन चुका है। दूसरी ओर, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बेंगलुरु स्थित एथेरियल मशीन्स की विनिर्माण इकाई का दौरा करते हुए कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर उत्पादन के लिए अपनी खुद की मशीनें और उच्च परिशुद्धता वाले सटीक कलपुर्जों का विनिर्माण करने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार देश में एक मजबूत घरेलू सेमीकंडक्टर परिवेश विकसित करने की दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के तहत यह बेहद जरूरी है कि आवश्यक मशीनों का विकास देश के भीतर ही हो। मंत्री ने बताया कि एथेरियल मशीन्स की यह इकाई ऐसी उन्नत मशीनरी और पुर्जे तैयार कर रही है, जिनमें 2 माइक्रोन से 20 माइक्रोन तक की सहनशीलता होती है—जो कि अत्यंत महत्वपूर्ण तकनीक है और पहले ऐसे पुर्जे मुख्य रूप से जर्मनी व जापान जैसे देशों में ही बनाए जाते थे।

अनिल अग्रवाल की कंपनी को हुआ 379 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली। सरकारी कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद विवादित कैम्बे ऑफशोर ब्लॉक (CB-OS-02) का नियंत्रण वेदांता ऑयल एंड गैस लिमिटेड से अपने हाथ में ले लिया है। दोनों कंपनियों की ओर से नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी गई है। वहीं, वेदांता ने इस ब्लॉक से जुड़ी संपत्तियों और प्राप्य राशि (रिसीवेबल्स) के मूल्य में कमी के चलते करीब 379 करोड़ रुपये का इम्पेयरमेंट चार्ज (मूल्य में कमी) दर्ज किया है। ओएनजीसी की तिमाही रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लॉक का संचालन अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया 22 जुलाई, 2026 से प्रभावी हुई। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ ने सरकार के उस फैसले को चुनौती देने वाली वेदांता की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें कैम्बे ब्लॉक के प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) की अवधि बढ़ाने से इनकार किया गया था। बता दें कि कैम्बे ऑफशोर ब्लॉक का संचालन पहले वेदांता कर रही थी। इसमें वेदांता की 40 फीसदी हिस्सेदारी थी, जबकि ओएनजीसी के पास 50 फीसदी और इन्वेनियर पेट्रोडाइन लिमिटेड के पास शेष 10 फीसदी हिस्सेदारी थी। सरकार ने 19 सितंबर, 2025 को एक पत्र जारी कर प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया था। साथ ही ब्लॉक का संचालन कर रही कंपनी को इसे ओएनजीसी को सौंपने का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ वेदांता ने 22 सितंबर, 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। कैम्बे ब्लॉक का प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट 29 जून, 2023 को समाप्त हो गया था।

20 और 21 नवंबर को मनेगी देवउठनी ग्यारस, शुरु होगी मांगलिक कार्यों की धूमधाम

योग निद्रा से जागेंगे श्रीहरि विष्णु, गूंजेगी शहनाई, बजेगा बैंड-बाजा, निकलेगी बारात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। चार माह से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम अब समाप्त होने जा रहा है। देवउठनी एकादशी के साथ भगवान श्रीहरि विष्णु अपनी योगनिद्रा से जागेंगे और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चातुर्मास का समापन होगा। आमतौर पर देवउठनी एकादशी के बाद ही विवाह समारोहों, गृह प्रवेश, गृह आरंभ और अन्य शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है। घरों में शहनाइयां गूंजने लगती हैं, बैंड-बाजे की धुन पर बारातें निकलती हैं और मांगलिक आयोजनों की रौनक लौट आती है। हालांकि इस बार देवउठनी एकादशी के दिन ही मांगलिक कार्य हो सकेंगे। इसके बाद लंबा इंतजार करना होगा। सिंहस्थ गुरु के कारण मालवा सहित मध्यप्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में 21 फरवरी तक विवाह और अन्य मांगलिक कार्य शास्त्रसम्मत रूप से निषिद्ध रहेंगे। ऐसे में देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के जागने के बावजूद विवाह समारोहों की शुरूआत फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही हो सकेगी। 22 फरवरी से शुभ मुहूर्तों का सिलसिला शुरू होगा। ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने ग्रहों की स्थिति, सिंहस्थ गुरु के प्रभाव और महर्षि वशिष्ठ के मतानुसार आगामी विवाह मुहूर्तों की जानकारी दी है।

मालवा के ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि चातुर्मास की शुरूआत 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से हुई थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस अवधि में भगवान विष्णु



योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसके बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु के जागने के साथ चातुर्मास का समापन होता है। इस बार देवउठनी एकादशी 20 और 21 नवंबर को मनाई जाएगी। एकादशी तिथि 20 नवंबर को सुबह 7 बजकर 15 मिनट से प्रारंभ होकर 21 नवंबर को सुबह 6 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। गृहस्थ परंपरा के अनुसार 20 नवंबर को व्रत रखा जाएगा, जबकि वैष्णव परंपरा में 21 नवंबर को एकादशी मनाई जाएगी।

सिंहस्थ गुरु के कारण 21 फरवरी तक रोक

ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि ज्योतिषीय गणना के अनुसार आश्विन शुक्ल पंचमी, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026 से फाल्गुन कृष्ण प्रतिपदा, रविवार 21 फरवरी 2027 तक गुरु सिंह राशि में भ्रमणशील रहेंगे। इस अवधि में विवाह, गृहारंभ, गृह प्रवेश, देव प्रतिष्ठा सहित अन्य शुभ मांगलिक कार्य शास्त्रानुसार निषिद्ध माने गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रायः सिंहस्थ गुरु को समस्त शुभ कार्यों के लिए अग्राह्य माना जाता है। हालांकि ज्योतिष शास्त्र के विभिन्न ग्रंथों में इसके संबंध में अलग-अलग मत और क्षेत्र विशेष के अनुसार निषेध का उल्लेख मिलता है।

मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में लागू होगी शास्त्रीय मान्यता

डॉ. शास्त्री के अनुसार ज्योतिषीय शास्त्रों में सिंहस्थ गुरु के प्रभाव को लेकर कुछ विशेष नक्षत्रों और स्थानों के आधार पर भी विचार किया गया है। शास्त्रीय प्रमाणों के अनुसार गंगा और गोदावरी नदियों के मध्यवर्ती क्षेत्र में सिंहस्थ गुरु के दौरान विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं। इस क्षेत्र में गंगा के दक्षिण और गोदावरी के उत्तर का भूभाग शामिल माना जाता है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात और उत्तरप्रदेश का अधिकांश हिस्सा आता है।

22 फरवरी से गूंजेंगी शहनाइयां, जुलाई तक कई विवाह मुहूर्त

देवउठनी ग्यारस होने के लंबे इंतजार के बाद 22 फरवरी 2027 से विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू होगा। ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने महर्षि वशिष्ठ के मतानुसार फरवरी से जुलाई 2027 तक विवाह के शुभ मुहूर्त बताए हैं। इसके अनुसार फरवरी में 22, 23, 25, 27 और 28 तारीख को विवाह के योग हैं। मार्च में 3, 9, 10 और 14 तारीख, अप्रैल में 16, 17, 18, 20, 22, 23 और 27 तारीख को शुभ मुहूर्त रहेंगे। इसी तरह मई में 2, 3, 7, 8, 9, 15, 16, 18, 20, 22, 24, 30 और 31 तारीख को विवाह के मुहूर्त बताए गए हैं। जून में 5, 9, 11, 14, 16, 18, 20, 25, 26 और 30 तारीख तथा जुलाई में 7, 9, 10, 11 और 12 तारीख को विवाह के शुभ योग रहेंगे।

शिविर में 157 की जांच, 14 मधुमेह और 37 मरीज हाई बीपी से पीड़ित

41 लोगों में मोटापे की पुष्टि, बदलती जीवनशैली, खानपान और शारीरिक श्रम में कमी बन रही बीमारियों की वजह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। इसका खुलासा विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर रविवार को जिले के लवाड़ा स्थित शासकीय हाई स्कूल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में हुआ। शिविर में कुल 157 लोगों की जांच की गई, जिसमें 14 लोग मधुमेह, 37 उच्च रक्तचाप और 41 लोग मोटापे की स्थिति से ग्रसित पाए गए। जांच के ये आंकड़े इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि अब मधुमेह, बीपी और मोटापा जैसी बीमारियां केवल शहरी आबादी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनका दायरा बढ़ रहा है।

आरएसएसडीआई मध्यप्रदेश चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की मधुमेह, रक्तचाप और बीएमआई के आधार पर मोटापे की जांच की गई। इस दौरान जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. अशोक जैन एवं डॉ. कनिष्क जैन ने ग्रामीणों को बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव और संभावित जटिलताओं की जानकारी दी। प्रोजेक्टर के



माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि अनियमित दिनचर्या, असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों में कमी और बढ़ता मानसिक तनाव इन बीमारियों के प्रमुख कारण बन रहे हैं।

मशीनों ने आसान किया काम, लेकिन बढ़ा खतरा

जिला कोऑर्डिनेटर डॉ. अशोक जैन ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में सुविधाएं तो लगातार बढ़ी हैं, लेकिन इसके साथ ही शारीरिक श्रम कम होता जा रहा है। पहले जिन कार्यों को करने में पर्याप्त मेहनत करनी पड़ती थी, अब वे मशीनों के जरिए आसानी से पूरे हो जाते हैं। वहीं, हाई कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों का बढ़ता सेवन, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग और मानसिक तनाव मोटापे की समस्या को बढ़ा रहे हैं। मोटापा आगे चलकर मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी दिनचर्या में पैदल चलने, नियमित व्यायाम और शारीरिक श्रम को शामिल करना होगा।

बिना लक्षण भी शरीर में पनप सकती है मधुमेह

एमडी मेडिसिन एवं मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. कनिष्क जैन ने बताया कि मधुमेह कई बार शुरूआती अवस्था में बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी शरीर में मौजूद रहती है। ऐसे में व्यक्ति खुद को स्वस्थ समझता रहता है, जबकि उसका रक्त शर्करा स्तर सामान्य से अधिक हो सकता है। यही कारण है कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने संतुलित खानपान, नियमित व्यायाम और समय-समय पर ब्लड शुगर एवं रक्तचाप की जांच कराने की सलाह दी। उनका कहना था कि समय रहते बीमारी की पहचान कर जीवनशैली में बदलाव किया जाए तो गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

जांच के आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता

शिविर में सामने आए आंकड़ों के अनुसार 157 लोगों की जांच में 14 मधुमेह, 37 उच्च रक्तचाप और 41 लोगों में मोटापे की स्थिति मिली। विशेषज्ञों ने इन आंकड़ों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने का संकेत बताते हुए कहा कि बीमारियों के गंभीर रूप लेने का इंतजार करने के बजाय समय-समय पर जांच कराना जरूरी है। ग्रामीणों को समझाइश दी गई कि केवल दवाओं के भरोसे रहने के बजाय खानपान में सुधार, नियमित व्यायाम और अनुशासित दिनचर्या अपनाकर भी कई बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है।

उधारी मांगना पड़ा भारी, सिर फटने से गंभीर घायल हुई प्रीति

पैसों के लिए रिश्तों हुए तार-तार महिला पर किया गया ईंट से हमला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

डबरा। पठा पनिहार गांव में उधारी के पैसों के विवाद ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदारों ने ही एक महिला पर ईंट से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला को सिर में गंभीर चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे ग्वालियर रेफर किया गया है।

घटना पठा पनिहार गांव की है। यहां रहने वाली प्रीति प्रजापति (34) ने अपने पड़ोसी करण प्रजापति से उधारी के पैसे मांगे थे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि बीती रात करण, अरविंद, राहुल और मुकेश प्रजापति प्रीति के पास आए और पैसों को लेकर बात करने लगे। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि चारों ने प्रीति से मारपीट शुरू कर दी और उस पर ईंट फेंक दी। ईंट सीधे प्रीति के सिर पर लगी, जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। बताया जा रहा है कि प्रीति ने करण से अपने उधारी के पैसे मांगे थे। इसके बाद करण ने



अपने चाचा और भाइयों को बुला लिया और उनके साथ मिलकर प्रीति पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां से उसे ग्वालियर रेफर कर दिया गया। इस मामले में सिटी थाना प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि महिला से मारपीट हुई है। मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

नाबालिक विकलांग की तलाई में डूबने से मौत, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

नलखेड़ा। तहसील के ग्राम भंडावद में एक नाबालिक की तलाई में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया । जानकारी अनुसार शनिवार दोपहर को तहसील के ग्राम भंडावद निवासी पवन पिता राजाराम सूर्यवंशी (विकलांग) उम्र 11 वर्ष जो कि खेत के समीप बनी तलाई में नहाने गया था लेकिन काफी देर हो जाने पर नहीं आने पर परिवारजनों द्वारा उसे खोजा गया तो उसके कपड़े ओर जूते तलाई के बाहर पड़े थे परिवारजनों द्वारा तलाई में तलाश कर नाबालिक को बाहर निकाला जाकर अस्पताल लाया गया जहा डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया ।

नि:शुल्क शिविर में 84 मरीजों की आंखों की जांच कर 15 मरीज ऑपरेशन के लिए किए चयनित



नलखेड़ा। नगर में मानव सेवा और जनकल्याण की भावना को लेकर श्री राजीव लोचन धार्मिक समिति एवं सर्वकल्याण नलखेड़ा के तत्वावधान में शंकरा आई सेंटर इंदौर के द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में 84 मरीजों की आंखों की जांच नेत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई। 15 मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी के सौजन्य से आयोजित यह शिविर रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज में लगाया गया था। शिविर में मोतियाबिंद की आशंका वाले मरीजों की आंखों की जांच नेत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई। तथा जरूरत के अनुसार आगे के उपचार एवं ऑपरेशन के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया गया। 15 चयनित मरीजों को ऑपरेशन हेतु शंकर आई सेंटर इदौर ले जाया गया।

बिरसा मुंडा जयंती पर पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और जयघोष के साथ निकाली रैली

बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोह लिया सभी का मन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल, जमीन एवं अपनी संस्कृति और स्वाभिमान के लिए अंग्रेजों से संघर्ष किया। उनके इसी जीवन दर्शन और बलिदान को स्मरण करते हुए आगर में जनजाति गौरव दिवस जिला प्रशासन जनजाति कार्य विभाग द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया।

जनजाति गौरव दिवस पर रविवार को आगर में वृहद रैली आयोजित की गई। रैली कंपनी गार्डन से प्रारंभ होकर झंडा चौक तक निकली। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनजाति समाज के प्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा, नृत्य और जयघोष



के साथ रैली ने पूरे नगर में उत्साह का वातावरण बना दिया।

कंपनी गार्डन के मांगलिक भवन में जनजाति गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, भैरूसिंह चौहान, महेश भिलाला, आभा चोपड़ा, रेखा यादव, प्रेम नारायण यादव, मोहनलाल कटारा, अशोक प्रजापति एसडीएम कमल मंडलोई एवं जिला संयोजक शेखर उइके सहित जनप्रतिनिधि पार्षद बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षक गण एवं नागरिक तथा पत्रकारगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के उद्बोधन का हुआ सीधा प्रसारण-

धार जिले के डही से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय जनजाति गौरव दिवस समारोह का कार्यक्रम स्थल पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी उपस्थित जनों ने देखा और सुना।

छात्र-छात्राओं ने दी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-

कार्यक्रम में छात्रावास के छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के माध्यम से बिरसा मुंडा के संघर्ष, साहस और जनजाति संस्कृति के गौरव को जीवंत किया गया। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत जिला संयोजक श्री उइके एवं श्री शर्मा ने किया। अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री चौहान, जिला अध्यक्ष श्री मालवीय एवं जनजाति वर्ग के नेता श्री भिलाला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उपस्थित जनों को जनजाति गौरव दिवस पर शुभकामनाएं दीं।

आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर मना जनजातीय गौरव दिवस

युवा बिरसा मुंडा के जीवन से लें प्रेरणा: सिंह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को अनूपपुर में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता कर भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और बलिदान को याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन जनजातीय समाज के मूल अधिकार हैं। उनका संघर्ष और बलिदान सदैव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

सरकार समुदाय को विकास से जोड़ने कर रही प्रयास : अर्चना कुमारी

जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी



अर्चना कुमारी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समुदाय को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। पीएम जनमन योजना, आदि कर्मयोगी मिशन सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली और मोबाइल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इससे पहले समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। इस दौरान उनके जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया, वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा और सुना।

शैला और गुदुम नृत्य ने मोहा मन

समारोह में जनजातीय लोककला एवं संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियों ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। लोक कला पथक दल द्वारा पारंपरिक शैला एवं गुदुम नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर एवं मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

आठ हितग्राहियों को स्वरोजगार ऋण के प्रतीकात्मक चेक वितरित

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत निहारिका रौतेल को लाभ प्रदान किया गया। वहीं भगवान बिरसा मुंडा रोजगार योजना के अंतर्गत आठ हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंक ऋण राशि के प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। मुख्य समारोह के समापन के पश्चात जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में रैली आयोजित की गई। इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के विचारों, जनजातीय गौरव, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संदेश दिया गया।

दादा के यहां चोरी करने गया था पोता खुद के चाकू से गर्दन कटने से हुई मौत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। जिले के रावटी थाना क्षेत्र के जंगलों में मिले कंकाल का पुलिस ने हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। यह कंकाल 30 अक्टूबर से लापता 20 वर्षीय



गोलू कटारा का है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गोलू अपने तीन दोस्तों के साथ बिलड़ी गांव में अपने दादा के घर चोरी करने गया था, जहां दादा से हाथापाई के दौरान खुद के हाथ में रखे चाकू से उसकी गर्दन पर गंभीर चोट लग गई और अत्यधिक खून बहने से उसकी मौत हो गई।

डर के मारे उसके दोस्त शव को जंगल की खाई में फेंककर फरार हो गए थे।जानकारी के मुताबिक, बिलड़ी निवासी बाबू गामड़ की अपने दादा मईड़ा गामड़ से रंजिश थी और उनके पास रखे चांदी के जेवर चुराने के लिए बाबू ने अपने दोस्त गोलू, संजय और सुनील के साथ मिलकर साजिश रची थी।

चोरी से पहले चारों दोस्तों ने पी शराब

30 अक्टूबर की रात चारों ने पहले शराब पी और फिर दादा के खेत पर बने मकान के पास पहुंचे। योजना के तहत बाबू और सुनील ने गोलू और संजय को चाकू देकर घर के अंदर भेजा। गोलू ने माचिस मांगने के बहाने दरवाजा खुलवाया और अंदर घुसकर दादा का मुंह दबाकर रुपए मांगे। विरोध करने पर जब दादा ने गोलू के हाथ का चाकू जोर से खींचा तो वह टूट गया और छीना-झपटी में वही चाकू गोलू की गर्दन पर लग गया। हमले के दौरान संजय भी जख्मी हुआ।

युवक को झाड़ियों में फेंककर भाग गए दोस्त

दादा के चिल्लाने पर चारों वहां से भाग निकले। करीब 100 मीटर दूर जाकर गोलू बेसुध होकर गिर गया और साथियों को उसकी मौत का अंदेशा होने पर वे डर के मारे उसे झाड़ियों व खाई में छोड़कर भाग गए। 14 नवंबर को कंकाल मिलने के बाद परिजनों ने उसके कपड़ों से उसकी पहचान की, हालांकि आधिकारिक पुष्टि डीएनए रिपोर्ट के बाद होगी। पुलिस ने तीनों दोस्तों और बुजुर्ग दादा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जिन्हे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

अमलपुरा-ब्रह्मगीर मार्ग पर आधा से पौने एकड़ फसल खराब होने का दावा, किसान ने लगाए अधिकारियों पर लापरवाही आरोप

563 करोड़ की नर्मदा नहर परियोजना की मेन पाइप लाइन में लीकेज, फसल जलमग्न

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। नर्मदा नहर परियोजना की मेन पाइपलाइन में लीकेज होने से अमलपुरा-ब्रह्मगीर मार्ग पर किसान की गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। रविवार 15 नवंबर को पाइपलाइन से पानी का रिसाव होने के कारण किसान राजेश पिता रामचन्द्र तिरोले के खेत में पानी भर गया।

किसान ने करीब 20 दिन पहले ही गेहूं की बोवनी की थी और फसल अंकुरित होकर निकल आई थी। खेत में पानी भरने से आधा से पौने एकड़ फसल प्रभावित होने का दावा किया जा रहा है।मामले को लेकर सामने आए वीडियो में जनपद पंचायत खंडवा उपाध्यक्ष मदन तिरोले ने नर्मदा नहर परियोजना के अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

कलेक्टर से निरीक्षण की मांग

उन्होंने कहा कि पाइपलाइन में



लीकेज के लिए किसान को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। यदि किसान दोषी है तो वह खुद अपनी फसल को नुकसान क्यों पहुंचाएगा? उन्होंने कलेक्टर से मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करने और तकनीकी अधिकारियों की टीम के साथ पाइपलाइन की स्थिति देखने की मांग की। वीडियो के माध्यम से किसान राजेश तिरोले ने कहा कि 563 करोड़ रुपये की योजना के क्रियान्वयन पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई और लीकेज को मिट्टी डालकर दुरुस्त करने जैसी खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि अमलपुरा-ब्रह्मगीर मार्ग के साथ मातनी-बेनपुरा मार्ग पर भी पाइपलाइन में बड़े लीकेज की समस्या सामने आई है। यह पाइपलाइन रुरिहा, मलपुरा और भावसिंहपुरा क्षेत्र में पानी की सप्लाई से जुड़ी बताई गई है।

पानी की बर्बादी

मदन तिरोले ने कहा कि एक ओर पाइपलाइन से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान की मेहनत से तैयार हो रही फसल बर्बाद हो रही है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की तकनीकी जांच कराई जाए, लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो और योजना में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित लोगों से वसूली की जाए। साथ ही प्रभावित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए और पाइपलाइन की मरम्मत कर खेतों तक व्यवस्थित रूप से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

10 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

षी, सिटी रिपोर्टर

डबरा। ग्वालियर जिले के थाना गिजोर्रा पुलिस ने 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित



कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को बिलौआ स्थित क्रेशर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह न्यायालय से स्थाई वारंट में भी फरार चल रहा था।

घटना के संबंध में पीड़िता (परिवर्तित नाम रजनी) ने अपने रिश्तेदारों के साथ थाना गिजोर्रा पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार, 12 नवंबर 2026 को दोपहर के समय जब वह अपने घर के बाहर बैठी थी, तभी पड़ोसी रामअवतार जाटव वहां आया और बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ की। बालिका के जोर-जोर से रोने और चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गया, जाते वक्त उसने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ग्वालियर श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने ग्रामीण एसपी जयराज कुबेर, एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन और गिजोर्रा थाना प्रभारी उप निरीक्षक उपेन्द्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपी की धरपकड़ के लिए लगाया। 14 नवंबर 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिद्धि विनायक क्रेशर बिलौआ से आरोपी रामअवतार पुत्र चेतराम राजौरिया निवासी ग्राम इकहरा कॉलोनी को धर दबोचा।

लूट सहित कई मामलों में दर्ज है प्रकरण

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी रामअवतार के खिलाफ थाना डबरा सिटी में लूट और अन्य धाराओं (अपराध क्रमांक 618/18) का प्रकरण दर्ज है, जिसमें वह ट्रायल के दौरान जमानत से फरार था और माननीय न्यायालय द्वारा 2024 में उसके खिलाफ स्थाई वारंट भी जारी किया गया था। पुलिस ने इस संबंध में डबरा सिटी थाने को भी सूचित कर दिया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

डूबते भगवान भास्कर को गंगाजल से दिया गया अर्घ्य

आबना नदी के गणगौर घाट पर छाई छठ की छट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। महापर्व छठ की छटा मंगलवार शाम आबना नदी के गणगौर घाट पर छाई रही। व्रती महिला-पुरुषों ने घर के बने पकवान और फल-फूल से आबना के तट पर गंगाजल से अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इसके लिए बिहार से मां गंगा का जल भक्तों ने बुलाया था।

सोमवार सुबह उगते सूर्य का गाय के दूध से अर्घ्य के साथ व्रत पूरा होगा। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि रविवार को छठ के महापर्व पर शाम साढ़े तीन बजे से ही घाट पर 'कांचहि बांस के बहंगिया बहंगी लचकत जाए..., दर्शन दीहीं ना अपन ये छठी मइया...' जैसे गीत गूंज उठे। गणगौर घाट पर गन्ने के मंडप के नीचे माता की वेदी बनाकर भक्तों ने भगवान सूर्य की आराधना की। बांस से बने डाल और सूप में प्रसाद रखकर माता की पूजा हुई। माता को ठेकुआ (आटा और गुड से बना प्रसाद), सूखा और कच्चा नारियल, छुहारा, किशमिश, काजू, पंचमेवा, सेव, केला, अनार, गन्ना, नारंगी, अमरूद, नाशपती, शकरकंद, सीताफल समेत मौसमी फल का भोग लगाया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि छठ के इस महापर्व पर नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव, खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंनवे,



जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, धर्मेंद्र बजाज,हरीश कोटवाले, सुनील जैन, संदेश गुप्ता चारुलता यादव, एल्डरमैन शारदा तांदले ने पहुंच कर पूजा कर सूर्य देवता को जल चढ़ाया एवं सभी सामाजिक बंधुओ को महापर्व छठ पूजा की शुभकामना प्रेषित की।

पूजन के बाद प्रसाद का वितरण घाट पर होगा

छठ पूजा समिति के एसजे श्रीवास्तव ने बताया घाट पर पूजा के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा अच्छी व्यवस्था हो जाने से लगभग 200 परिवार यहां आकर पूजा अर्चना करते हैं और धार्मिक उत्साह के साथ यह पर्व मनाया जा रहा है, सोमवार को पूजन के बाद प्रसाद का वितरण घाट पर किया जाएगा।

सुनील जैन ने बताया कि पूजा के कार्यक्रम में महापर्व छठ पूजन के आयोजन समिति के अध्यक्ष एसजे श्रीवास्तव, सचिव अंकित सिंह, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा,संतोष शर्मा, अंकेश वर्मा, अभिषेक सिंह, अभिनीत तिवारी, पवन कुमार राय आदित्य सिंह, रणजीत सिंह, आलोक तिवारी, उमेश भाई, किशोरी प्रसाद, शंभू कुमार, नरेश भाई, प्रशांत शर्मा, हरेंद्र नाथ ठाकुर, माधव झा का सहयोग रहा। सभी सामाजिक बंधुओ ने घाट पर पहुंचकर छठ पर्व की पूजा अर्चना की। पुलिस एवं नगर निगम प्रशासन की टीम भी पूरी तरह व्यवस्थाओं में लगी रही।

जिपं उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह हुए शामिल

धूमधाम से मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 151वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत खालवा, रोशनी, पटाजन एवं गुलाई में भव्य आयोजनों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष खंडवा कुंवर दिव्यादित्य शाह जी विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा जी के संघर्ष, बलिदान एवं जनजातीय समाज के उत्थान में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया गया। साथ ही जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को सम्मानपूर्वक याद किया गया।

बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया

इस अवसर पर कुंवर दिव्यादित्य शाह ने भगवान बिरसा मुंडा जी को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा जनजातीय संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित रखने का संदेश दिया। सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जनजातीय लोक संस्कृति के लेखक कवि गजेन्द्र सिंह आर्य वरिष्ठ संतोष सीटोके जी भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम तिवारी राजेश राजवैध लालू पालवी रामप्रसाद कावड़े किशोर मानू बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे।

पाटीदार समाज के अध्यक्ष बने कृष्ण चंद्र

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने समाज को संगठित करने का लिया संकल्प

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

महेश्वर। पाटीदार धर्मशाला में पाटीदार समाज के चुनाव बीती रात आयोजित हुए। प्रजातांत्रिक रूप से हुए चुनाव में मुख्य संगठन में अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण चंद्र पाटीदार को चुना गया वहीं युवा संगठन में प्रिंस पाटीदार को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया ।

जबकि महिला संगठन के लिए जमना कृष्ण चंद पाटीदार को अध्यक्ष के रूप में चुना गया। कृष्ण चंद्र पाटीदार ने समाज को संगठित करने के साथ ही मदबूती का संकल्प लिया है। जिले एवं तहसील स्तर पर समाज के निर्वाचन संपन्न करने के लिए जिला प्रतिनिधि के रूप में महेश पाटीदार, तहसील प्रतिनिधि के



रूप में अखिलेश पाटीदार ,धर्मेंद्र पाटीदार, महादेव पाटीदार को नियुक्त किया गया, वहीं महिला समिति निर्वाचन प्रक्रिया के लिए जिला प्रतिनिधि के लिए डॉ. शीतल पाटीदार ,तहसील प्रतिनिधि में माया पाटीदार, वंदना पाटीदार को चुना गया। चुनाव निर्विवादित संपन्न कराने में चुनाव प्रभारी मोतीलाल पाटीदार, कैलाश पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही । चुनाव पश्चात नवीन पदाधिकारियों को पाटीदार समाज के वरिष्ठ मथुरा लाल पाटीदार, डॉ. प्रेमचंद पाटीदार, विष्णु पाटीदार, हरिनारायण पाटीदार, कमलेश पाटीदार, लखन पाटीदार, सुनील पाटीदार, धनंजय पाटीदार, कैलाश पाटीदार, राकेश पाटीदार के साथ समाज के अन्य सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रदान कीं है।

सेवा कार्यों के साथ मनाई बिरसा मुंडा जयंती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती आदिवासी समाज ने सामाजिक सरोकार और सेवा कार्यों के साथ मनाई। इस अवसर पर कसरावद तहसील एवं आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण, पूजन-अर्चन, बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरण और अस्पताल में मरीजों को फल वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः अरिहंत नगर में पौधारोपण के साथ हुई। इसके बाद भील मोहल्ले में जननायक टंट्या मामा भील की प्रतिमा एवं भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां बच्चों को कॉपी-पेन सहित शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई तथा प्रसादी का वितरण किया गया। इसके बाद समाजजन शासकीय अस्पताल कसरावद पहुंचे, जहां भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



वहीं ग्राम बाजटपूरा में भगवान बिरसा मुंडा के गाता पर फूल-माला अर्पित कर पूजन किया गया।

सेवानिवृत्त जवान ने की अनुकरणीय घोषणा

कार्यक्रम के दौरान ग्राम बाजटपूरा में उक्रऋ से अपनी सेवाएं पूर्ण कर लौटे मुन्नालाल चौहान ने समाज के लिए प्रेरणादायी पहल की घोषणा की। उन्होंने अपनी पेंशन की राशि से समाज के बच्चों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने तथा मरणोपरांत देहदान करने का संकल्प व्यक्त किया। उनकी इस घोषणा की समाजजनों ने सराहना की। इस पहल में शिवराज रावत का भी विशेष सहयोग रहा।

सहयोगियों के प्रति जताया आभार

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य कंचनसिंह डावर एवं तहसीलदार कसरावद का विशेष सहयोग रहा। उनके सहयोग से बच्चों के लिए कॉपी-पेन, अस्पताल के मरीजों के लिए फल एवं प्रसादी की व्यवस्था की गई। आयोजन समिति ने सभी सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत सिंह मंडलोई, आकास ब्लॉक अध्यक्ष नानसिंह मंडलोई, आकास जिला कार्यकारी अध्यक्ष उमेश ठाकुर, जिला सचिव पदमसिंह जमरे, सामाजिक कार्यकर्ता सोमल चौहान, जयस सदस्य गोलू गिरवाल, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष रोहित ठाकुर, मिशन ऊ सदस्य निहाल सिंह चौहान, शंकर मेड़ा, शिवराम रावत, मन्या चौहान, बालूसिंह जमरे, लक्ष्मण मंडलोई, कृष्णा वास्कले, सुनील सिसोदिया, रवि बघेल, कैलाश बामनिया, एसएस उपाध्याय, प्रेम गागले, विकास पटेल, शंकर नगवाल, अनिल धारवे, कृष्णा मंडलोई, कैलाश गागले, मथुरालाल पवार, मंसाराम हिंगोले, संतोष चौहान, ऋतुराज ठाकुर सहित समाजजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विकास 12 ज्योतिर्लिंग, चार तीर्थ धाम, अन्य तीर्थ एवं महापुरुषों के नाम कक्ष

निगम का भवन तैयार सिर्फ लोकार्पण का इंतजार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। नगर निगम का करोड रुपए की लागत से नया आधुनिक सुंदर नवीन भवन का निर्माण किया गया है, चार मंजिला बने इस भवन में लगभग 88 कक्ष निर्मित किए गए, महापौर, आयुक्त कक्ष से लेकर अध्यक्ष एवं एम आई सी सदस्यों के साथ निगम से जुड़े सभी विभागों के ऑफिस शामिल है, सुंदर मीटिंग हॉल में हाल भी बनाया गया है। महापौर अमृता अमर यादव लगातार मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के संपर्क में है और शीघ्र ही समय मिलते इस आधुनिक भवन का लोकार्पण होगा, और शहर को एक सौगात प्राप्त होगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान भवन में कई विभाग इस समय अलग-अलग स्थान पर निर्मित होने से शहर वासियों को समय और परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन सिविल लाइन स्थित नवीन भवन में सभी विभाग एक ही स्थान पर होने के कारण



नगर निगम से जुड़े हर कार्य एवं समस्या का निदान इस नवीन भवन में एक ही स्थान पर हो जाएग। संभवत प्रदेश का यह पहला निगम भवन होगा जहां भारतीय संस्कृति से युक्त नवीन भवन के सभी कक्षों को 12 ज्योतिर्लिंग, चार तीर्थ धाम, अन्य तीर्थ एवं महापुरुषों के नाम किया किया जा रहा है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि महापौर अमृता यादव द्वारा लोकार्पण की तैयारी हेतु निगम आयुक्त प्रियंका राजावत एवं अधिकारियों से लगातार चर्चा हो रही है, साथ लोकार्पण की तैयारी के साथ लोकार्पण पत्थरों के डिजाइन भी तैयार किया जा रहे हैं,

महापौर ने किया निरीक्षण

महापौर अमृता यादव ने निगम आयुक्त एमआईसी सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ नवीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन में उपलब्ध सुविधाओं, विभिन्न कक्षों और नागरिकों की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि नगर निगम का नया भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होना चाहिए, ताकि यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर, सुगम और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। भवन को जनसेवा और सुशासन के प्रभावी केंद्र के रूप में विकसित करना प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि नगर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है। नवीन भवन की अवलोकन के समय परिषद अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य राजेश यादव,सोमनाथ काले, विक्की भांवरे, आशीष चटकेले,अनिल वर्मा, दिना पवार,प्रवक्ता सुनील जैन, निगम आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त श्री सोलंकी, राधेश्याम उपाध्याय, संजय शुक्ला, भूपेंद्र सिंह बिसेन,मनीष झिले, भरत सुरजाए, भवन निर्माण ठेकेदार दीपेश राठौर, राकेश राजपूत,अंकुश पटेल, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अजय सिंह पवार के नेतृत्व में भाजयुमो का शक्ति प्रदर्शन, युवाओं का सैलाब

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देपालपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा इंदौर ग्रामीण के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय सिंह पवार के नेतृत्व में आयोजित पहली आभार यात्रा में युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। लसूड़िया से मांगलिया तक निकली युवा शंखनाद-आभार यात्रा में हजारों वाहनों का काफिला शामिल हुआ। सांवेर, महू, देपालपुर और राऊ विधानसभा क्षेत्रों से पहुंचे कार्यकताओं ने भागीदारी की। महू क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए।

यात्रा लसूड़िया से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मांगलिया स्थित मुरली गार्डन (हाट मैदान) पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया। कारों और दोपहिया वाहनों के लंबे काफिले के साथ निकली यात्रा के बाद यहां



युवा समागम आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिलने के बाद पवार का यह पहला बड़ा आयोजन था।

वरिष्ठों ने किया संबोधित

समागम में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक उषा ठाकुर, मधु वर्मा, मनोज पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया, जितेंद्र आंजना, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी, अंतर सिंह, कंचन सिंह चौहान, पूर्व विधायक जीतू जिराती और भानु प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने भाजपा की पंच निष्ठाओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से अनुशासन और संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा संगठन की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से संगठन मजबूत होता है।

दो वारदातों का हुआ खुलासा बाइक चोर का निकाला जुलूस

पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। पुलिस ने चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। महाकाल थाना पुलिस ने जहां एक शातिर बाइक चोर को पकड़कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की, वहीं नीलगंगा थाना पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चुराने वाले दो युवकों को दबोचा है। पुलिस ने रविवार को दोनों कार्रवाईयों का आधिकारिक खुलासा किया।

पहला मामला महाकाल थाना क्षेत्र का है, जहां कोट मोहल्ला निवासी सोहेल खान ने 23 सितंबर की रात करीब 11 बजे अपनी होंडा शाइन बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, जो अगली सुबह 6 बजे गायब मिली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और भैरवगढ़ निवासी विशाल उर्फ आकाश उर्फ चीका वर्मा (उर्फ राज) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली। पुलिस के मुताबिक आरोपी विशाल एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ महाकाल, भैरवगढ़, बड़नगर और नागदा थानों में चोरी सहित अन्य धाराओं के कुल 8 प्रकरण दर्ज हैं। उसके इसी आपराधिक रिकॉर्ड और क्षेत्र में खौफ खत्म करने के उद्देश्य से पुलिस ने इलाके में उसका जुलूस निकाला और उससे उठक-बैठक भी लगवाई।

सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ

दूसरी कार्रवाई नीलगंगा थाना पुलिस ने की, जहां इंदौर रोड स्थित टीला तालाब के पास रहने वाली कमलेश सोलंकी के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया था। देवेंद्र सिंह सोलंकी की शिकायत पर पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक सिद्धि कॉलोनी स्थित एक सुनार की दुकान पर चोरी के जेवर बेचने की फिराक में पहुंचे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर भागने की कोशिश कर रहे कमला नेहरू नगर निवासी भोलाराम यादव और हरी यादव को धर दबोचा। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने भोलाराम से करीब 30 हजार रुपए की सोने की अंगूठी और हरी से करीब 25 हजार रुपए की चांदी की पायजेब, बिछुड़ी व अन्य जेवर सहित कुल 55 हजार रुपए का माल जब्त किया है।

लिफ्ट पलटने से दो मजदूर 10 फिट नीचे गिरे, घायल

उज्जैन। शहर के चरक अस्पताल के पास निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में रविवार को पुताई के दौरान हादसा हो गया। काम करते समय अचानक लिफ्ट फेल होकर एक तरफ झूल गई, जिससे उस पर सवार दो मजदूर करीब 9 से 10 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गए।हादसे में सोम प्रजापति और रोहित को चोट आई है, जबकि उनके साथ काम कर रहे नीरज को मामूली चोट लगी है। दोनों घायलों को उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शी नीरज ने बताया कि वे मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में कलर-पुताई का काम कर रहे थे। इसी दौरान काम के लिए सामग्री तैयार करते समय अचानक लिफ्ट फेल हो गई। लिफ्ट एक तरफ झूल गई और उस पर मौजूद मजदूर नीचे गिर गए।हादसे में सोम को सरिया लगने से चोट आई, जबकि रोहित का पैर दबने से उसमें मोच आ गई। नीरज भी मौके पर मौजूद थे, लेकिन नीचे होने के कारण उन्हें मामूली चोट आई। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर गेट लगाकर सिक्योरिटी गार्ड ने लोगों की आवाजाही रोक दी।

व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य, कलेक्टर ने भी की पूजा

विक्रम सरोवर के मिथिला घाट पर गूंजे छठी मईया के जयकारें

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



उज्जैन। चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व 'छठ' के तीसरे दिन रविवार को शहर के विक्रम सरोवर स्थित मिथिला घाट पर अभूतपूर्व और अलौकिक नजारा देखने को मिला। यहां बिहार, उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों से ताल्लुक रखने वाले उत्तर भारतीय परिवारों की महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। घाट पर चारों तरफ गूंजते छठी मैया के पारंपरिक गीत और जयकारों ने पूरे माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

रविवार शाम को व्रतधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं ने कमर तक ठंडे पानी में खड़े होकर पूरी निष्ठा के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने विधि-विधान से डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रद्धालु अपने सिर पर पूजा की बांस की टोकरी उठाए नजर आए, जिसमें फल, ठेकुआ, गन्ना, कंदमूल और अन्य मौसमी प्रसाद सजाए गए थे। इस पावन अवसर पर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह अपनी पत्नी के साथ विशेष रूप से मिथिला घाट पहुंचे। उन्होंने यहां न केवल छठी मैया की पूजा की, बल्कि डूबते सूर्य को अर्घ्य भी अर्पित किया। कलेक्टर ने इस महापर्व में शामिल होने को अपना सौभाग्य बताया और वहां मौजूद सभी श्रद्धालुओं को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

लगातार तीन दिनों तक कड़े नियमों के साथ उपवास का पालन

उल्लेखनीय है कि चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत पहले दिन घरों की साफ-सफाई और पूजा की तैयारियों के साथ होती है। दूसरे दिन 'खरना' के दौरान व्रती महिलाएं पूरे दिन का कठिन उपवास रखती हैं और शाम को विशेष रूप से बनाई गई गुड़ की खीर का प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत खोलती हैं। इसके बाद तीसरे दिन यानी रविवार को अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को अर्घ्य देने का विधान पूरा किया गया। व्रतधारी पिंकी ने बताया कि बिहार और उत्तर प्रदेश के उत्तर भारतीय परिवारों द्वारा मिलकर मनाए जाने वाले इस पर्व में शुद्धता और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है, तथा व्रती लगातार तीन दिनों तक कड़े नियमों के साथ उपवास का पालन करते हैं। छठ महापर्व का यह चार दिवसीय अनुष्ठान सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। इस अंतिम दिन के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्चुअल रूप से जुड़कर सूर्यदेव को अर्घ्य देने की संभावना जताई जा रही है, जिसको लेकर प्रशासन और आयोजकों द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

जनजातीय गौरव दिवस पर हितग्राहियों को बांटे हितलाभ



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम बागली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित किए गए। विभागों ने योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए तथा स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विधायक मुरली भंवरा ने सांस्कृतिक दलों को एक-एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। इस दौरान जनजातीय गौरव और भगवान बिरसा मुंडा के संदेशों के प्रचार के लिए रैली भी निकाली गई।

बिरसा मुंडा का जीवन त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक

विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन पर जनजातीय समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया और कम उम्र में समाज के हितों के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, समरसता और आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत करनी चाहिए। उन्होंने बागली विधानसभा क्षेत्र में तीन सांदीपनि विद्यालयों, महाविद्यालय निर्माण, कृषि महाविद्यालय के प्रस्ताव, छात्रावास और अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी दी। मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि जनजातीय समाज देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। भगवान बिरसा मुंडा ने राष्ट्र और समाज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संतोष काकड़िया, महेश चौहान, खुशीलाल राठौड़, कमल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

बाल मेले में बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टॉल



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। त्रिलोक नगर स्थित कैम्ब्रिज हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजेन्द्र उपाध्याय (सचिव, लघु उद्योग भारती, देवास) एवं विशेष अतिथि आर.पी. मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छात्र अध्यक्ष कुलदीप जोशी एवं छात्रा काजल ने की।

बाल मेले में विद्यालय की प्रत्येक कक्षा की ओर से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने स्टॉल सजाए और मेले का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधक रितेश मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। श्रीमती प्रज्ञा मैडम एवं रागिनी रेंगे मैडम ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संचालन महेन्द्र जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन हर्षा मैडम ने माना।

फिर आवारा कुत्तों ने किया हमला

नपा की ओर आस लगाए बैठे नगरवासी, कब होगी कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



शाजापुर। नगरवासियों का खौफ खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है और लोग अब घरों से निकलने से डरने लगे हैं। क्योंकि शहर में आवारा कुत्तों ने लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है जो कभी भी हमलावर हो जाते हैं। शनिवार को भी एक आवारा कुत्ते ने 10 लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कुत्ते के हमले में घायल हुए लोगों में महिलाएं भी शामिल हैं। घटना ज्योतिनगर, लक्ष्मीनगर और बस स्टैंड इलाके में हुई। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया तथा कुछ लोगों को गंभीर चोंट होने पर वहां भर्ती भी किया गया।

पीड़ितों और स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की समस्या बनी हुई है, लेकिन अभी तक इनकी रोकथाम के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। लोगों ने नगरपालिका से आवारा कुत्तों को पकड़ने और शहर में सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है।

इन लोगों पर टूट पड़ा आवारा कुत्ता

आवारा कुत्ते के हमले में आसिफ (25), सोनू जाटव (24), राजेंद्र (29), महेश सिंह (22), सुनीता भिलाला (33), पीरू नाथ (35), सत्येंद्र (35), जितेंद्र (42), कुंदन पारछे (30) और संदीप (30) शामिल हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। कुछ घायलों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

शेल्टर होम का किया जाएगा निर्माण

नपा के अनुसार नगर में स्ट्रीट डाग की परेशानी को हल करने के लिए स्थाई शेल्टर होम का निर्माण किया जाना है। जहां खतरनाक हो चुके आवारा कुत्तों को रखा जाएगा। इनको शेल्टर होम से बाहर नहीं निकाला जाएगा। जिससे ये किसी को अपना शिकार नहीं बना पाएंगे। इसके लिए ग्राम भीलवाड़िया स्थित ट्रेचिंग ग्राउंड के समीप शेल्टर होम बनाया जाएगा। जिसक टेंडर भी हो चुके हैं।

देशी कट्टा और जिंदा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

शाजापुर। सुनेरा पुलिस ने एक युवक से जिंदा कारतूस व देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लगभग 19-20 वर्ष का एक व्यक्ति मोटर साइकिल से आ रहा है, जिसके पास अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस है। सूचना की गंभीरता एवं विश्वसनीयता को देखते हुए थाना प्रभारी सुनेरा उनि अंकित मुकाती द्वारा उनि डी. लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर पनवाड़ी तरफ रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। इसी दौरान मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोककर पूछताछ की गई। व्यक्ति ने अपना नाम अंकित पिता अंतरसिंह गुर्जर (20) निवासी ग्राम जामन बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसकी कमर में एक देशी कट्टा 315 बोर मय जिंदा कारतूस मिला।

दृढ़ संकल्प लें प्रत्येक नारी बहन स्वरूप है, उनकी रक्षा करें : प्रेमलता दीदी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कालानी बाग सेंटर पर रविवार को ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी प्रेमलता दीदी संत पूणानंद महाराज के सानिध्य में भाई-बहनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ भाई दूज मनाई गई। प्रेमलता दीदी ने सभी भाई बहनों को तिलक लगाकर आशीर्वचन दिए। इस दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया, उमेदसिंह राठौड, ओम प्रकाश पटेल, नारायण व्यास के आतिथ्य में ब्रह्माकुमारी प्रेमलता दीदी, ज्योति दीदी, मनीषा दीदी, अपुलश्री दीदी व संत पूणानंद महाराज का शाल, श्रीफल, पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया।

प्रेमलता दीदी ने इस दौरान अपनी अमृतवाणी में कहा कि यह टीका कोई स्थूल या साधारण टीका नहीं है। यह आत्मिक स्वरूप का टीका है। आत्मिक स्वरूप का



टिका देती है बहने। की है भाई तुम केवल एक देह नहीं हो, इस देह के भीतर एक बहुत सुंदर आत्मा हो। आत्मिक स्वरूप का टीका देना अर्थात आत्मिक जागृति ले आना। की तुम भी आत्मा, में भी एक आत्मा हूं। हम दोनों एक परमात्मा की संतान है। साथ ही साथ प्यार से भोजन स्वीकार कराना। भोजन वास्तव में ज्ञान का है। ज्ञान अमृत है और इसीलिए जब ज्ञान का भोजन स्वीकार करती हैं आत्मा तब वह अमृत्व का वरदान प्राप्त करती हैं। हर भाई यह दृढ़ संकल्प ले कि हर कन्या हर नारी बहन स्वरूप है और उस बहन की इज्जत की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है।

आयोजन दो दिवसीय खुली पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ

बच्चों ने किया वसुधा का स्वप्न का विमोचन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। विश्वविख्यात साहित्यकार एवं कलागुरु राजकुमार चंदन द्वारा लिखित विश्वशांति पर आधारित वैश्विक पुस्तक वसुधा का स्वप्न का बाल दिवस पर अनूठे अंदाज में विमोचन किया गया। देश-विदेश की 32 भाषाओं में अनुवादित इस कृति का विमोचन 33 प्रतिभाशाली बालक-बालिकाओं ने विभिन्न भाषाओं और देशों की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर किया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया।

33 विशिष्ट बाल अतिथियों में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्मानित एवं चार विश्व रिकॉर्ड धारी ग्रेट मास्टर ऑफ एशिया नन्ही प्रतिभा कियांशीका शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर पुस्तक विमोचन और दो दिवसीय वसुधा का स्वप्न खुली पुस्तक प्रदर्शनी समारोह का शुभारंभ किया।



बच्चों ने दी विश्वशांति के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां

इस अवसर पर कैशिकी डांस एकेडमी की बालिकाओं ने कथक नृत्य के साथ भगवान श्री गणेश जी की वंदना प्रस्तुत की। बाल गायिका लावण्या सहित मानस संस्था के बच्चों ने विश्वशांति के गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बाल अतिथियों का स्वागत पुस्तक के लेखक राजकुमार चंदन, प्रकाशक ओमप्रकाश नवगोत्री, एडिटर विशाल जलोरे, आयोजन समिति के संयोजक मदन सिंह धाकड़, राजेश पटेल, चेतन उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह राजपूत, अशोक शर्मा, दिलीप राठौर, राजेश परमार, संजय सरल, ओमप्रकाश प्रजापति, राजेंद्र जायसवाल एवं मनीष आशापुरे ने किया।

कार्यक्रम में शहर के अनेक विशिष्ट एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इनमें साहित्यकार प्रकाश कांत, प्रदीप उपाध्याय, पूर्व विधायक सुरेंद्र वर्मा, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, शिक्षाविद मांगीलाल मालवीय, रामेश्वर पटेल, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र बंसल, अजय सोलंकी, संजय जोशी, मिर्जा मुसाइद बेग, आदिल पठान, राजश्री काले, राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास, सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रबंधक आरएल बोडाना, आरएल चौहान, पत्रकार जाहिद शेख, राजेश व्यास, जगदीश सेन, चित्रकार सलीम शेख मामू, डॉ. अरविंद पौराणिक, डॉ. सौरभ शर्मा, प्रो. डॉ. ममता झाला, प्रो. डॉ. रश्मि ठाकुर, गायक देवेंद्र पंडित, रवि अग्रवाल, डॉ. जुगल किशोर राठौर, मनीष उपाध्याय एवं दिनेश बावने सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी के बच्चों को स्लाइड भेंट की गई

आयोजन के दौरान भोपाल के कैलाश राठौर ने बाल दिवस के अवसर पर जवाहर नगर की आंगनवाड़ी के बच्चों को स्लाइड भेंट की। पुस्तक विमोचन के अवसर पर ब्रिटेन की शिक्षिका केली कीनन ने लाइव जुड़कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन चेतन उपाध्याय ने किया तथा नन्हें अतिथियों के प्रति आभार राजकुमार चंदन ने व्यक्त किया।

बाल मेला : नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सजाए स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। बाल दिवस के अवसर पर बेरछा रोड स्थित पायोनिअर पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा बाल मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल परिसर में स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल सजाए जिनका आनंद शिक्षक-शिक्षिकाओं व अन्य बच्चों ने भी लिया।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य विमल जैन ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा समय-समय पर पढ़ाई के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए अन्य रोचक गतिविधियां भी आयोजित की जाती हैं। इसी के चलते बाल दिवस के मौके पर सुबह विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया।

बच्चों ने अपने घरों से बनाकर लाए व्यंजनों की बिक्री की

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जैन सोशल ग्रुप यूनिक की अध्यक्ष अंकिता-रितेश जैन, सचिव स्नेहा- अक्षय नारेलिया, कोषाध्यक्ष अर्शी-शुभम जैन तथा प्रचार सचिव पारुल- मंगल नाहर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बाल मेले में बच्चों ने अपने



घरों से बनाकर लाए व्यंजनों की बिक्री की। वहीं अतिथियों सहित शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं अन्य बच्चों ने भी व्यंजनों के विभिन्न स्टालों का लुत्फ उठाकर स्टाल लगाने वालों के प्रयासों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संस्था प्रभारी अंजू शुक्ला, शिक्षिका सारिका भावसार, फाल्गुनी सोनी, कविता अग्रवाल, प्रिया शर्मा, रंजना खत्री, रानी चंद्रवंशी, पिंकी शिवहरे, दुर्गा मालवीय, स्वीटी चौहान, राधिका जोशी, शिक्षक नीलेश जोशी, शुभम कारपेंटर तथा विशाल परिहार द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन में सराहनीय सहयोग दिया गया। संचालन शिक्षिका रानी चंद्रवंशी ने किया।

एक सैकड़ा से ज्यादा बसें और बस स्टैंड महज एक, यात्री परेशान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। प्रमुख आवागमन केंद्र के रूप में पहचाना जाने वाला गुना जिला अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण देश के बड़े राज्यों को आपस में जोड़ता है। यहाँ से दिल्ली, मुंबई, आगरा, जयपुर, राजगढ़, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित देश के लगभग हर कोने के लिए बसों का आवागमन होता है। दिनभर यहाँ यात्रियों की भारी चहल-पहल रहती है, लेकिन इतनी बड़ी परिवहन व्यवस्था का जिम्मा संभाले रखने के लिए शहर में केवल एक ही मुख्य जज्जी बस स्टैंड मौजूद है।

इस एकमात्र बस स्टैंड पर एक सैकड़ा से अधिक बसों का संचालन होता है, लेकिन यहां सुविधाओं का भारी टोटा है, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जज्जी बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। यहाँ बना यात्री वेटिंग रूम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, जिसके हाल पूरी तरह बेहाल हैं। परिसर में ज्यादातर समय गंदगी का साम्राज्य रहता है और यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण हमेशा अनहोनी का अंदेशा बना रहता है। जबकि नगर पालिका और जिला प्रशासन ने इस बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और जनता को बेहतर माहौल देने का वादा कर इसका संचालन शुरू किया था, लेकिन आज जमीनी हकीकत इन दावों के बिल्कुल उलट नजर आती है। इस मुख्य बस स्टैंड की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि शाम होते ही यहाँ बसों का आवागमन पूरी तरह बंद हो



जाता है। स्थिति यह हो जाती है कि शाम 7 बजे के बाद यह बस स्टैंड किसी ग्रामीण इलाके के छोटे बस स्टैंड की तरह सूना और वीरान नजर आने लगता है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सरकारी दफ्तर की छुट्टी हो गई हो और अब वह ताला लगने के बाद अगले दिन ही खुलेगा। अंधेरा छा जाने के कारण यहाँ न तो चाय की एक कप मिलती है और न ही यात्री रात के समय सुरक्षित तरीके से अपनी बस का इंतजार कर सकते हैं।

सड़क किनारे बसों का हाल्ट और नियमों की अनदेखी

नियमानुसार सभी बसों का ठहराव तय बस स्टैंड पर ही होना चाहिए था, लेकिन गुना की वास्तविक स्थिति इससे कोसों दूर है। दिन के अलावा रातभर बसों का संचालन और आवागमन तो जारी रहता है, लेकिन बसों का हाल्ट सड़क किनारे ही करना पड़ता है। जज्जी बस स्टैंड पर रात के वक्त ठहरने की व्यवस्था न होने के कारण बस चालकों और यात्रियों दोनों को ही सड़कों का सहारा लेना पड़ता है। प्रशासन के तमाम दावों के बावजूद यात्रियों की इस मूलभूत समस्या का समाधान अब तक नहीं हो सका है, जिससे प्रशासनिक कार्यशैली पर भी सवाल खड़े होते हैं।

बदहाली के आंसू बहाता आरोन बस स्टैंड

गुना का दूसरा प्रमुख बस स्टैंड, जिसे आरोन बस स्टैंड के नाम से जाना जाता है, बीजी रोड ओवरब्रिज के नीचे रेलवे की जमीन पर पूरी तरह बदहाल स्थिति में संचालित हो रहा है। इस वैकल्पिक बस स्टैंड पर हालात इतने बदतर हैं कि यहाँ आने-जाने वाले यात्रियों और वाहन चालकों के बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनती रहती है। सबसे हैरानी की बात यह है कि इस महत्वपूर्ण स्थान पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोई सांकेतिक बोर्ड या सूचना पट्ट तक नहीं लगाए गए हैं, जिससे बाहरी यात्रियों को भारी असुविधा होती है।

सड़क का नामों-निशान नहीं और बारिश में नर्क

इस संबंध में बस संचालक विश्वनाथ सिंह सिकरवार का कहना है कि आरोन बस स्टैंड के हालात इतने बुरे हैं कि यहाँ व्यवस्थाओं की बात तो दूर, चलने के लिए ढंग की सड़क तक नहीं बची है। स्थिति यह है कि यात्री ओवरब्रिज के नीचे धूल और कीचड़ के बीच खड़े नजर आते हैं। बारिश के मौसम में इस बस स्टैंड के हालात इतने नारकीय हो जाते हैं कि बस चालकों को अपनी गाड़ियों को यहाँ लाने से पहले दस बार सोचना पड़ता है। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को जल्द से जल्द इन दोनों बस स्टैंडों की सुध लेनी चाहिए, ताकि गुना आने वाले यात्रियों को इस दयनीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाला मुख्य आरोपी महज एक घंटे में गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी मुंगावली ओमप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना पिपरई पुलिस द्वारा कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के प्रकरण में मुख्य आरोपी विजय यादव को मात्र 1 घंटे में गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि रविवार को फरियादी स्वरूप सिंह लोधी निवासी ग्राम लिधौरा कला अपनी भैंसों को नदी में पानी पिलाने ले गया था। इसी दौरान भैंसों के आरोपी के नदियारे में चले जाने की बात पर आरोपी विजय यादव एवं उसके भाई बलराम यादव ने विवाद करते हुए फरियादी के साथ मारपीट की। विजय यादव ने



कुल्हाड़ी से फरियादी के सिर एवं माथे पर वार कर घायल कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पिपरई में धारा 109(1), 296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर श्री राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक नरेंद्र त्रिपाठी को उक्त प्रकरण में त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी पिपरई द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी विजय यादव पुत्र नन्नू यादव निवासी ग्राम बड़ोली को गिरफ्तार किया गया।

इनका रहा योगदान

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक नरेंद्र त्रिपाठी, उप निरीक्षक मंदाकिनी पटेल, सहायक उप निरीक्षक रामबहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक योगेंद्र जाट, भगवान सिंह, राजेंद्र जोशी एवं आरक्षक गजेंद्र की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा गंभीर अपराधों में कार्रवाई जारी रहेगी।

जिलेभर में 20 नवंबर को होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

गुना। मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत देवउठनी ग्यारस के पावन अवसर पर आगामी 20 नवंबर 2026 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन के लिए 1 नवंबर से 18 नवंबर 2026 तक संबंधित जनपद पंचायतों, नगरपालिकाओं और नगर परिषदों के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए कन्या और उसके अभिभावक का गरीबी रेखा (बीपीएल) के नीचे जीवनयापन करने वाला परिवार होना अनिवार्य है। इसके साथ ही बीपीएल पोर्टल पर हितग्राही का सत्यापन होना भी आवश्यक है।

बिजली संकट से फूटा अन्नदाताओं का गुस्सा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिले में खेती के लिए मिलने वाली बिजली की समस्या अब विकराल रूप धारण कर चुकी है। सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली सप्लाई देने के तमाम दावों के बीच, जमीनी हकीकत यह है कि किसानों को महज 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है।

इसी अनियमित आपूर्ति से परेशान होकर रविवार को किसानों के सब्र का बांध टूट गया और पगारा, इमझरा सहित करीब आधा दर्जन गांवों के आक्रोशित किसानों ने गुना-अशोकनगर स्टेट हाइवे पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। हाइवे पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं। हैरानी की बात यह रही कि इतनी देर तक किसानों के सड़क पर बैठे रहने के बावजूद कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। प्रदर्शनकारी किसानों का आरोप है कि उन्हें मुश्किल से 2 से 4 घंटे ही बिजली नसीब हो रही है और अधिकारी आए दिन ओवरलोड होने का हवाला देकर सप्लाई बंद कर देते हैं। गौरतलब है कि जिले में बिजली की यह बदहाल व्यवस्था इससे पहले शुक्रवार को फतेहगढ़ में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान भी खुलकर सामने आई थी। उस समय बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने भी किसानों को 10 घंटे बिजली न मिलने पर नाराजगी जताते हुए इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा में उठाने की चेतावनी दी थी। एक तरफ स्टेट हाइवे पर चक्काजाम की स्थिति बनी, तो दूसरी तरफ रबी फसलों की बोनी के इस सबसे महत्वपूर्ण समय में ऊमरी सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले करीब एक दर्जन गांवों के किसान भी बिजली कटौती से त्रस्त हैं। इस सबस्टेशन से संचालित भीदरा पंप लाइन से जुड़े सारतला, नक्टी देवी, झिरौली, हसली, ताजपुर, पिपरौदी, अगरा और हाथीखुदन सहित आसपास के गांवों में खेतों की तैयारी और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि विद्युत विभाग ने सिंचाई के लिए रात 9 बजे से सुबह 6 बजे तक बिजली आपूर्ति का समय तय किया है। लेकिन विडंबना यह है कि रात ठीक 9 बजे बिजली आती है और महज एक घंटे बाद लगभग 10 बजे फॉल्ट का बहाना बनाकर सप्लाई बंद कर दी जाती है।

विज्ञान के मंच पर चमके अशोकनगर के होनहार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 14 नवंबर 2026 को स्थानीय तारा सदन स्कूल में नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 10 विद्यालयों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बाल वैज्ञानिक के रूप में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधु शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में तारा सदन स्कूल, सिटी पब्लिक स्कूल, ब्राइटर वर्ल्ड स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, संस्कृति स्कूल, लाइंस इंग्लिश स्कूल, पीएम श्री स्कूल शाढ़ौरा,



द्रौपदी पब्लिक स्कूल शाढ़ौरा एवं शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकारों और दैनिक जीवन की समस्याओं पर आधारित विभिन्न विज्ञान परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए जूरी मेंबर के रूप में विकास बंसल, श्रीकृष्ण राजोरिया, श्री मनीष शर्मा, श्रीमती दिव्या गांधी एवं श्रीमती सुमन किरार उपस्थित रहीं। जूरी सदस्यों ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन करते हुए उनकी विषय की समझ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, प्रस्तुतीकरण एवं नवाचार का आकलन किया।

कार्यक्रम के जिला समन्वयक प्रोफेसर के. एन. झा ने बताया कि नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन मध्यप्रदेश में पिछले 32 वर्षों से किया जा रहा है। अशोकनगर जिले में भी लगभग 10 वर्षों से यह आयोजन निरंतर हो रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, अपने आसपास की समस्याओं का अध्ययन करने और उनके समाधान के लिए नए प्रयोग एवं अनुसंधान करने के लिए प्रेरित करना है।

जूनि. वर्ग में चयनित प्रतिभागी:

1. आराध्या रघुवंशी एवं सोनाक्षी जाटव झ द्रौपदी पब्लिक स्कूल, शाढ़ौरा। मार्गदर्शक शिक्षक झ रोशन नामदेव।
2. रिद्धि नामदेव एवं खालिद खान झ पीएम श्री हाई स्कूल, शाढ़ौरा। मार्गदर्शक शिक्षक हरिओम शर्मा।
3. मिहिका जैन एवं युविका जैन झ सिटी पब्लिक स्कूल, अशोकनगर। मार्गदर्शक शिक्षक महेंद्र सिंह रघुवंशी।

सीनि. वर्ग में चयनित प्रतिभागी:

1. उमंग जैन एवं सान्वी सेठी झ तारा सदन स्कूल। मार्गदर्शक शिक्षिका झ आरती जैन।
2. आर्या जैन एवं अनुष्का रघुवंशी झ ब्राइटर वर्ल्ड स्कूल। मार्गदर्शक शिक्षिका झ महिमा गुप्ता।
3. नीर जैन एवं आरश जैन झ संस्कृति किड्स स्कूल। मार्गदर्शक शिक्षिका झ बुलबुल जैन।
4. अंश तिवारी एवं ध्रुव पटेल तारा सदन स्कूल। मार्गदर्शक शिक्षिका,आरती जैन।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ विज्ञान को वास्तविक जीवन की समस्याओं से जोड़कर समझने का अवसर प्रदान किया।

कार की टक्कर से गाय की हुई मौत

गुना। नेशनल हाईवे-46 पर यूपी ढाबे के समीप रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रही गाय को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मूक पशु की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय गौसेवकों की भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए गौसेवकों ने तुरंत मौके पर ही कार चालक को घेर लिया और विरोध जताना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद चालक अपनी गलती मानने के बजाय फोन के जरिए लोगों पर दबाव बनाने का प्रयास करता रहा। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए आरोपी चालक व कार को अपने साथ थाने ले आई।

रेड क्रॉस सोसाइटी का काम स्व प्रेरित मानव सेवा : रामेंद्र सिंह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। रेड क्रॉस सोसाइटी का काम स्व प्रेरित मानव सेवा है। यह बात रविवार को स्थानीय जैन भवन में आयोजित रेड क्रॉस सोसाइटी की सामान्य सभा की बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश महासचिव रामेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इसकी स्थापना युद्ध में घायलों की सेवा के लिए हुई थी। इसके संस्थापक हेनरी डोनेट थे जिन्होंने विश्व युद्ध के दौरान युद्ध में घायलों की सेवा से की।

उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और यही हमारे भारतीय दर्शन में भी है। उन्होंने आगामी प्रोजेक्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष नशा मुक्त समाज जिले का प्रोजेक्ट है। जिसके लिए समाज में जन जागरुकता की आवश्यकता है। जिला चिकित्सालय में जरूरत की अपेक्षा ब्लड की उपलब्धता



कम होने पर समिति द्वारा समय-समय पर ब्लड कैंप लगाने,जिला चिकित्सालय को ब्लड उपलब्ध कराने की बात कही,उन्होंने जनजाति समुदाय की महिलाओं की प्रसव के दौरान रक्त अल्पता के कारण होने वाली मृत्यु,जिले में मातृ शिशु मृत्यु दर अधिक होने, कुपोषण को लेकर चिंता जताई।

कुछ जिले मातृ शिशु मृत्यु दर में अधिक पिछड़े

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ जिले मातृ शिशु मृत्यु दर में अधिक पिछड़े हैं, उन्हीं में सबसे पिछड़ा यह जिला है। हमें कुपोषण पर काम करना है। उन्होंने स्वस्थ शिशु पर पायलट प्रोजेक्ट चलाने का आह्वान किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं को लेकर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में समाज सेवा के लिए नेतृत्व की जरूरत है, आगे आने वाला चाहिए,फिर सहयोग के लिए सभी लोग तैयार रहते हैं। इसके पूर्व मुख्य अतिथि रामेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयर मैन डॉ जय मंडल सिंह यादव ने दिया। ऑडिट रिपोर्ट कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने प्रस्तुत की, प्रगति प्रतिवेदन सचिव संजय रघुवंशी ने प्रस्तुत किया।

इस दौरान जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने वाले समाजसेवी, ब्लड हेल्प ग्रुप के संचालक प्रियेश शर्मा, सुखमनी ब्लड हेल्प के संचालक विश्वास अगरिया का मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन रंजीत यादव ने किया एवं आभार व्यक्त प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रतिनिधि श्रीमती डॉ अनुराधा केपी सिंह यादव, डॉ दीपक मिश्रा, श्रीमती ज्योति खिरका, सिविल सर्जन डॉ बी एल टैगोर सोसाइटी के सदस्य सतीश पाराशर, राजीव जाट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



श्री राम सिद्ध कला परिषद की बैठक सम्पन्न

अशोकनगर। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी सिद्ध कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित होने वाली आगामी रामलीला की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। परिषद के अध्यक्ष शीतल सिंह संधु की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस वर्ष की रामलीला में नारी सशक्तिकरण की अनूठी झलक देखने को मिलेगी। मंचन में लगभग 35 बेटियां सक्रिय रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। साथ ही, प्रबंध समिति में भी महिलाओं को बराबर की भागीदारी देते हुए रानी विवेक शर्मा को कोषाध्यक्ष और रामनिवास शर्मा को उद्घोषक और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी शर्मा को सह-सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। बैठक के दौरान डायरेक्टर अनिल शर्मा , उपाध्यक्ष संजय रघुवंशी खेजरा, विनोद सोनी, एडवोकेट पीयूष पाराशर , बंधु शर्मा, बृजेश शर्मा सहित परिषद के नव नियुक्त पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर मनाया गौरव दिवस

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर जिले में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री रोडमल नागर, विधायक श्री अमर सिंह यादव, श्री मोहन शर्मा, श्री हजारीलाल दांगी, पूर्व राज्य मंत्री श्री बद्रीलाल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक श्री प्रताप मंडलोई, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान



बिरसा मुंडा के साहस, संघर्ष, सामाजिक चेतना एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। साथ ही जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं लोककला पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन भी प्रसारित किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के छह हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं मेधावी विद्यार्थियों कु. हेमलता भिलाला, पिंटू वर्मा, नेहा एवं राहुल वर्मा को सम्मानित किया गया।इसके अलावा कन्या सीनियर छात्रावास पचोर एवं वीरांगना रानी दुर्गावती कन्या सीनियर छात्रावास राजगढ़ की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कीचड़ से परेशानी

गुना। शहर के संजय स्टेडियम में लंबे समय से बने जलभराव और कीचड़ ने खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ा दी है। बदहाल स्थिति को लेकर जागरुक नागरिक सुनील आचार्य ने रविवार दोपहर 12 बजे मौके का वीडियो जारी कर जिला प्रशासन, नगर पालिका और खेल विभाग से तत्काल सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि जिस मैदान पर हजारों युवा अपना भविष्य संवारने के लिए रोजाना पसीना बहाते हैं, वहां अभ्यास करना मुश्किल हो रहा है। सुनील आचार्य ने बताया कि प्रतिदिन सुबह साढ़े 4 बजे से बड़ी संख्या में युवा दौड़ लगाने, व्यायाम करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्टेडियम पहुंचते हैं।

गेहूं बोने को लेकर विवाद, दोनों पक्षों में मारपीट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़/खिलचीपुर। खेत में गेहूं बोने को लेकर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। एक पक्ष के किसान गिरिराज गोड़ के सिर में चोट आने पर टांके लगाने पड़े। मामले में फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार ग्राम खुरचन्या कलां निवासी गिरिराज गोड़ (35) ने बताया कि 15 नवंबर को सुबह करीब 11:30 बजे वह अपने खेत पर गेहूं बोने पहुंचा था। इसी दौरान परिवार के गोविंद सुतार और दुर्गेश सुतार वहां पहुंचे और खेत को अपना बताते हुए गेहूं बोने से मना करने लगे।

फरियादी का आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। गोविंद ने कारसिया से सिर पर वार किया, जिससे उसे चोट आई, जबकि दुर्गेश ने डंडे से मारपीट की। शिकायत में जगदीश सुतार, रामनारायण सुतार और महेश सुतार पर भी विवाद के दौरान गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। बीच-बचाव करने आए फरियादी के पिता और पत्नी के साथ भी मारपीट किए जाने की बात शिकायत में कही गई है।

दोनों पक्षों को आई चोटें

खिलचीपुर थाना प्रभारी कमल गेहलोत ने बताया कि खुरचन्या कलां गांव का मामला सामने आया है। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। एक पक्ष के गिरिराज सुतार के सिर में चोट आने पर टांके लगाए गए हैं। एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)